


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 21 दिसंबर 2024 ■ पौष कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-261 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# शराब घोटाले की जांच सीबीआई के हवाले

**रायपुर,21दिसंबर।** प्रदेश में शराब घोटाले की जांच सीबीआई करेगी। इस प्रकरण को राज्य सरकार ने सीबीआई को सौंपने का फैसला लिया है। इसके लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। ज्ञात हो कि इसकी जांच वर्तमान में ईओडब्लू व एसीबी कर रही है। इसके कई आरोपी अभी जेल में है। ऐसा माना जा रहा है कि सीबीआई जांच में और बड़े खुलासे होंगे तथा कई बड़े चेहरों से नकाब हटेगा। चर्चा यह भी है कि नान घोटाले की जांच भी सीबीआई को सौंपी जाएगी।

### सीबीआई जांच को लेकर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## साजिश कहीं और रची,अंजाम दूसरे राज्य में दिया तो नहीं है अनुमति की आवश्यकता

**बिलासपुर,21 दिसंबर।** आपराधिक साजिश पर सीबीआई जांच की मांग को लेकर लगाई गई पुनरीक्षण याचिका हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है. मामले में कोर्ट ने कहा कि यदि अपराध की साजिश अन्य राज्य में रचकर छत्तीसगढ़ में उसे अंजाम दिया गया है, तो उस राज्य की अनुमति की आवश्यकता नहीं है, जहां अपराध को अंजाम दिया गया. इस निर्णय के बाद अब सीबीआई को मामले में आगे जांच करेगी. मामला 24.50 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़ा है, जिसमें साजिशकर्ताओं ने कोलकाता और दिल्ली में बैठकर योजना बनाई और छत्तीसगढ़ में इसे क्रियान्वित किया. रायपुर स्थित हुडको के तत्कालीन क्षेत्रीय प्रमुख सुरेंद्र सिंघई पर आरोप है कि उन्होंने उद्योगपति सुनील मल के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची. इस्पात एंड पावर लिमिटेड कोलकाता के संचालक सुनील मल ने सिंघई के साथ मिलकर धोखाधड़ी को अंजाम दिया. इन दोनों ने मिलकर हुडको से 24.50 करोड़ रुपये की गड़बड़ी की. मामले में



सीबीआई की विशेष कोर्ट द्वारा आरोपी को रिहा करने से इनकार करने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई. कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि इस अपराध को केवल छत्तीसगढ़ में अंजाम दिया गया है, इसलिए सीबीआई को दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम के तहत राज्य सरकार से पूर्व स्वीकृति लेने की आवश्यकता नहीं थी. सीबीआई ने अपनी केस डायरी में बताया कि आवेदक ने कोलकाता में ऋण स्वीकृत करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, जिसे परीक्षण और स्वीकृति के लिए दिल्ली भेजा गया था.

### पुलिस भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच हो: भूपेश

**रायपुर,21 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में पुलिस भर्ती घोटाले का मामला गरमाता जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मामले में सीबीआई जांच की मांग उठाई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा- पुलिस भर्ती घोटाला मौत का खेल शुरू। राजनांदगांव में ग्राम घोरदा के खेत में आरक्षक अनिल रत्नाकर की फांसी के फंदे से लाश लटकी मिली है। आरक्षक के तार पुलिस भर्ती घोटाले से जुड़े होना बताया जा रहा है। सवाल यह है कि क्या यह हत्या है या आत्महत्या? क्या इसमें कोई बड़े खिलाड़ी शामिल हैं? किसी और को बचाने के लिए किसी और की बलि ली जा रही है? इस घोटाले और हत्या की सीबीआई जाँच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी को करवानी चाहिए।

### ट्रक और यात्री बस में टक्कर, दर्जन भर घायल

**जांजगीर-चांपा,21 दिसंबर।** जिले के नवागढ़ में आज सुबह ट्रक और यात्री बस के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई. बताया जा रहा है कि बस यात्रियों को लेकर केरा से जांजगीर की ओर जा रही थी. इसी बीच राछाभाटा के पास बस और ट्रक के बीच टक्कर हुई. घटना से यात्रीयों में हड़कंप मच गया है. इस हादसे में बस में सवार दर्जनभर यात्री घायल हो गए हैं. घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र की है. जानकारी के अनुसार, शुक्ला ट्रेवल्स की बस आज सुबह यात्रियों को लेकर केरा से जांजगीर जा रही थी. बस में 60 से 70 लोग सवार थे. इस दौरान नवागढ़ के राछाभाटा के पास बस और एक ट्रक की टक्कर हो गई. भिड़ंत के बाद ट्रक दूर जाकर पलट गई, साथ ही ड्राइवर फरार हो गया है. हादसे में दर्जन भर यात्री घायल हो गए. घायलों को सीएससी नवागढ़ में भर्ती कराया गया है.



## रूस में 9/11 जैसा हमला, कजान में इमारतों से टकराए ड्रोन, जोरदार धमाका

**मास्को,21 दिसंबर।** रूस के कजान शहर में कम से कम 6 इमारतों से ड्रोन से हमले किए गए हैं। अब तक की जानकारी के मुताबिक ड्रोन कई अन्य इमारतों को निशाना बनाने वाले ते लेकिन रूस के एयर डिफेंस सिस्टम में इन्हें नाकाम कर दिया। सामने आई तस्वीरों के मुताबिक इमारतों से ड्रोन टकरा गए और फिर जोरदार धमाके सुनाई दिए। इस हमले को 9/11 जैसा हमला बताया जा रहा है। हालांकि अमेरिका में 9/11 का हमला काफी बड़ा था और तब इमारतों से विमान टकराए थे। इस हमले में जान माल का बड़ा नुकसान हुआ था। हालांकि रूस में हुए हमलों में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। रूसी मीडिया का कहना है कि यूक्रेन ने यह हमला किया है। हालांकि यूक्रेन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। रूस के कजान शहर की गिनती सुरक्षित और शांत शहरों में होती है। कजान में फिलहाल हवाई यातायात बंद कर दिया गया है। इस शहर की आबादी करीब 14 लाख की है। बीते दिनों रूस ने रूसी जनरल की भी हत्या कर दी थी। इसीलिए यूक्रेन पर शक गहराया हुआ है। रूस दुनिया की महाशक्तियों में से है। ऐसे में अगर रूस भी जवाब देता है तो युद्ध की स्थितियां और ज्यादा गंभीर हो सकती हैं। इससे पहले रुस के रिल्स्क में यूक्रेन के मिसाइल हमले में एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। रूस के कुर्स्क क्षेत्र के कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनश्टाइन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खिनश्टाइन ने कहा कि यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने रिल्स्क शहर पर मिसाइल हमला किया। बाद में रूसी जांच समिति ने आज कहा कि उसने रिल्स्क शहर पर यूक्रेनी हमलों को लेकर आतंकवादी हमले के आरोपों पर आपराधिक मामला खोला है। खिनश्टाइन ने टेलीग्राम पर कहा प्रारंभिक जानकारी के अनुसार एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई। 13 वर्षीय बच्चे समेत दस लोग घायल हो गए हैं जिन्हें रिल्स्क के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट अस्पताल ले जाया गया। वे सभी चिकित्सकीय देखरेख में हैं। उनकी चोटें मामूली बताई गई हैं। गवर्नर ने कहा कि आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर काम करना जारी रखे हुए हैं और विशेषज्ञ नुकसान का आकलन कर रहे हैं एवं पीड़ितों और उनके परिवारों को सहायता प्रदान कर रहे हैं।

## आंबेडकर मुद्दे पर बीजेपी के खिलाफ खुलकर उतरीं माया-ममता

### बीएसपी का 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन, टीएमसी 23 को करेगी राज्यव्यापी प्रदर्शन

**कोलकाता,21 दिसंबर।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा के खिलाफ 23 दिसंबर को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया और पार्टी पर संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया। सोशल मीडिया पर साझा किए गए कड़े शब्दों वाले बयान में बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में अंबेडकर और संविधान मसौदा समिति के अन्य सदस्यों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। बंगाल सीएम ने कहा कि हमारे संविधान निर्माता बाबासाहेब अम्बेडकर का अपमान अस्वीकार्य है! इस जातिवादी भाजपा सरकार ने हमारे लोकतंत्र पर बार-बार हमला किया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की हरकतें उसके दलित विरोधी एजेंडे को उजागर कर रही हैं। टिप्पणी को संविधान की रीढ़ पर हमला बताते हुए बनर्जी ने पूरे बंगाल में लोगों से विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के अपमान के विरोध में 23 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक राज्य के हर ब्लॉक, नगर पालिका और कोलकाता के हर वार्ड में विरोध रैलियां आयोजित की जाएंगी। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान निर्माता बाबा साहेब



आंबेडकर को लेकर संसद में जो बयान दिया है उससे सर्वसमाज के लोग काफी उद्वेलित और आक्रोशित हैं और पार्टी शाह के बयान के विरोध में 24 दिसंबर को देशव्यापी आंदोलन करेगी। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि देश के दलित, वंचित व अन्य उपेक्षितों के आत्म-सम्मान व मानवीय हक्रूक के लिए अति-मानवतावादी व कल्याणकारी संविधान के रूप में असली ग्रंथ के रचयिता बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर भगवान की तरह परमपूजनीय हैं।

## मणिपुर के लोग इंतजार करते रह गए और पीएम कुवैत चल दिए : कांग्रेस

**नई दिल्ली,21 दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को कुवैत की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए, जो किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 43 साल बाद पहली कुवैत यात्रा है. रक्षा और व्यापार समेत कई क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने के लिए, कांग्रेस ने प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि वे बार-बार विदेश जाने वाले प्रधानमंत्री हैं. बकि मणिपुर के लोग उनका इंतजार करते रह गए.कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने X पर लिखा, मणिपुर के लोगों का इंतजार जारी है, यही उनकी किस्मत है क्योंकि श्रीमान मोदी कोई तारीख तय करने से इनकार कर रहे हैं. बार-बार विदेश दौरे करने वाले प्रधानमंत्री मोदी कुवैत रवाना हो गए.÷ पार्टी का कहना है कि इससे संघर्षग्रस्त राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने में मदद मिलेगी. पिछले साल 3 मई को राज्य के पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता के बाद मणिपुर में हिंसा भड़क गई, जो कुकी और मेइती समुदायों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में हुई थी. तब से हिंसा में 220 से अधिक लोगों और सुरक्षाकर्मियों की जान जा चुकी है. 1981 में, भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस खाड़ी देश की यात्रा की थी, लेकिन मोदी ने अपनी यात्रा से पहले एक बयान में कहा कि कुवैत के शीर्ष नेतृत्व से उनकी बातचीत भारत और कुवैत के बीच भविष्य की साझेदारी का खाका बनाने का अवसर देगी. उन्होंने कहा ÷हम कुवैत के साथ ऐतिहासिक संबंधों को बहुत महत्व देते हैं, जो पीढ़ियों से कायम हैं. हम न केवल व्यापार और ऊर्जा के क्षेत्रों में मजबूत साझेदार हैं, बल्कि पश्चिम एशिया में शांति, सुरक्षा और स्थिरता में भी हमारा साझा हित है, मोदी कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर गए हैं. उन्होंने कहा, मैं कुवैत में भारतीय प्रवासियों से मिलने के लिए उत्सुक हूं, जिन्होंने दोनों देशों के बीच मित्रता के बंधन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है.

## कांग्रेस में मतभेद की स्थिति : साव

**रायपुर,21 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ की सियासत में जेसीसीजे और बागी नेताओं की कांग्रेस पार्टी में वापसी की चर्चा जोरों पर है. इस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव का बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नेतृत्व विहीन हो चुकी है. कांग्रेस के नेता अपने कार्यकर्ताओं को संभाल नहीं पा रहे हैं, मतभेद की स्थिति है. कांग्रेस पार्टी को जनता ने स्पष्ट रूप से नकार दिया है. आने वाले दिनों में भी स्थिति और स्पष्ट नजर आ रही है. भारतीय जनता पार्टी में संगठन चुनाव को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि बीजेपी संविधान के हिसाब से चलती है. सुव्यवस्थित से तरीके से सर्वानुमति बनाकर करने का काम हो रहा है. प्राथमिक सदस्यता और सक्रिय सदस्यता के लिए भी अभियान चलाए गए. एक-एक बूथ में कमेटी, बूथ के बाद मंडलों और जिलों की रचना हुई है. जिले के बाद प्रदेश और फिर राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होगा. बता दें कि हाल ही में जनता



कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की राष्ट्रिय अध्यक्ष डॉ. रेणु जोगी ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को पत्र लिखकर विलय का प्रस्ताव भेजा था. पत्र में लिखा कि प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की गठित पार्टी की विचारधारा कांग्रेस की है. पार्टी की कोर कमेटी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि पार्टी का कांग्रेस में विलय हो. सभी पदाधिकारी और सदस्य कांग्रेस में प्रवेश करना चाहते हैं। डॉ. रेणु जोगी ने प्रवेश कराने का अनुरोध किया है.

## भड़काऊ भाषण पर कांग्रेस विधायक के खिलाफ मामला दर्ज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़,21दिसंबर।** प्रदर्शन के दौरान भड़काऊ भाषण व अमर्यादित बयान पर कांग्रेस विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े के साथ नपा अध्यक्ष सोनी बंजारे के पति अजय बंजारे के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है. मामले में भाजपा पदाधिकारियों ने शिकायत दर्ज कराई थी. एएसपी निमिषा पाण्डेय ने बताया कि कल भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने लिखित आवेदन पेश किया था. इस पर प्रथम दृष्ट्या दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. मामले में आरोपियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 56, 351(1)(ड), 352, 296 के तहत मामला पंजीबध किया है. बता दें कि दो दिन पहले छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ से कांग्रेस विधायक उत्तरी जांगड़े के भड़काऊ भाषण का वीडियो सामने आया था. इसमें जांगड़े कलेक्ट्रेट ऑफिस में तोड़-फोड़ की बात कह रही हैं. साथ ही बलौदाबाजार की घटना का भी उन्होंने जिक्र किया था. इस वीडियो को बीजेपी ने शेयर कर लिखा कि कांग्रेस इस तरह से जहर घोलने का काम करती है. दरअसल, यह वीडियो



कांग्रेस के किसी प्रदर्शन और घेराव कार्यक्रम से जुड़ा हुआ है. इसमें उत्तरी जांगड़े युवाओं को ये कह रही हैं कि कलेक्ट्रेट के भीतर जाना है, केवल बाहर से ही नहीं आना है. हम सबको एक साथ जाकर तोड़-फोड़ कर आना है. बलौदाबाजार कैसा है, ये तो आप जान ही रहे हैं.यह प्रदर्शन उत्तरी जांगड़े के पति गनपत जांगड़े सहित छह लोगों के खिलाफ धान गड़बड़ी के मामले में एफआईआर दर्ज किया गया था, जिसके विरोध में कलेक्टोरेट का घेराव कर प्रदर्शन कर रहे थे. इस दौरान उत्तरी जांगड़े ने यह विवादास्पद बयान दिया था.

## राहुल गांधी पर आंच भी आई तो लोग जान दे देंगे : अमरजीत भगत

**रायपुर,21 दिसंबर।** राहुल गांधी पर हुए FIR को लेकर छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि बीजेपी नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है. राहुल गांधी देश के नेता हैं, संविधान देश की आत्मा है. राहुल गांधी पर आंच भी आएगी तो लोग जान दे देंगे. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस से इस्तीफा देकर निकले नेताओं की फिर से कांग्रेस में वापसी होने जा रही है. वहीं कांग्रेस में प्रवेश लेने के लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है. इसे लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रवेश के लिए समिति बनाने का निर्णय अच्छा है. इससे किसी एक नेता की नहीं चलेगी, समिति फैसला लेगी. किसी ने भूल मान लिया तो उसे माफ कर देना चाहिए. वहीं बृहस्पत सिंह के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव से माफी मांगने को लेकर अमरजीत भगत ने कहा कि दोनों के बीच अंतरंग संबंध है, हमने करीब से देखा है. उन्होंने इसे लेकर कहा- क्षमा बड़न को चाहिए, छोटन को उत्पात. प्रदेश में रोहिंग्या मुसलमानों और बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर भी सियासत तेज है. पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने घुसपैठियों की सूची और फोटो जारी करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि सरकार रोहिंग्या बांग्लादेशी घुसपैठियों की सूची जारी करे. उन्होंने आरोप लगाया है कि बीजेपी सिर्फ दावा करती है, अब तक किसी को पकड़ नहीं पाए. विजय शर्मा युवा हैं, एनर्जेटिक हैं, पर उनके लिए यह काम आसान नहीं है.

## भौतिकी टीचर की क्लास को स्टूडेंट ने बताया बेकार, टीचर ने पूरे परिवार को दी धमकी

**नई दिल्ली,21 दिसंबर।** सोशल मीडिया पर इन दिनों एक फिजिक्स टीचर का वीडियो वायरल हो रहा है. जिसमें एक लड़के ने लाइव क्लास के दौरान कमेंट करते हुए उनके लेक्चर को बेकार बताया है. जिस पर टीचर को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने लाइव क्लास के दौरान कमेंट करने वाले लड़के और उसके परिवार को भला-बुरा कहना शुरू कर दिया है. वहीं, अब टीचर का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इसे देखने के बाद लोगों ने शिक्षक के इस व्यवहार पर कड़ी आपत्ति जताई. लोगों ने कमेंट कर कहा कि टीचर ने अपनी पूरी जिंदगी की निराशा लड़के और उसके परिवार पर निकाली. वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि टीचर लाइव क्लास में डाउट सेशन के दौरान बच्चों के कमेंट्स पढ़ रहे हैं. इस दौरान कुछ लड़कों ने कमेंट किया कि उनकी क्लास बेकार हैं. आगे क्या हुआ, गुरुजी लड़के की यह बात सहन नहीं कर सके और उस पर क्रोधित हो गए. वह उसके और उसके परिवार के प्रति बहुत ही अनुचित भाषा का प्रयोग करने लगा. टीचर ने यहां तक कहा, तुम्हारे पास जो बच्चे हैं, वे किसी काम के नहीं हैं.। इसके बाद टीचर ने लड़के को धमकाया और कहा,मेरा दिमाग खराब मत करो. मैं तुम्हें अच्छे से पढ़ा रहा हूं, पढ़ो नहीं तो आऊंगा और तुम्हें और तुम्हारे पूरे परिवार को इतना मारूंगा कि वे बेहोश हो जाएंगे. मैं सम्मानपूर्वक बोल रहा हूं, इसलिए उत्तम है.÷ मैं चुपचाप और सम्मानपूर्वक बैठता हूं. गुरुजी यहीं नहीं रुके और लड़के को उसकी हालत याद दिलाने लगे और चेतावनी दी कि वह भविष्य में ऐसा कुछ करने के बारे में भी न सोचे. नहीं तो मैं तुम्हें इतना शाप दूँगा कि तुम जलकर भस्म हो जाओगे.

### मध्य प्रदेश के देवास में आग का तांडव पति-पत्नी और दो बच्चे जिंदा जले

**देवास ,21 दिसंबर।** मध्य प्रदेश के देवास में शनिवार तड़के सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। नयापुरा क्षेत्र में एक मकान में भीषण आग लगने से एक ही परिवार के 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में दिनेश कारपेंटर, उनकी पत्नी गायत्री, बेटी इशिका और बेटा चिराग शामिल है। जानकारी के अनुसार, घर के नीचे दूध डेयरी में लगी आग ने विकराल रूप लिया और बिल्डिंग की दूसरी मंजिल को अपने चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने आग लगने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। काफी देर की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया जा सका। आग इतनी भीषण थी कि परिवार के लोगों को बचाया नहीं जा सका। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

एसपी पुनीत गेहलोद ने बताया कि यह डेयरी संचालक दिनेश कारपेंटर का घर हैं, नीचे वे दुकान चलाते थे और ऊपर की मंजिल पर परिवार के साथ रहते थे। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। घर को सील कर दिया गया है। इस घटना के कारणों का पता लगाने के लिए हम सभी प्रशासनिक टीमों के साथ मिलकर जांच कर रहे हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों।

## छत्तीसगढ़ डीएसएफ के जवानों की याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस

**बिलासपुर,21दिसंबर।** बस्तर में स्थापित डिस्ट्रिक्ट स्ट्राइक फ़ोर्स के जवानों की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। यह याचिका उनकी वरिष्ठता को प्रभावित नहीं करने के साथ साथ बेसिक ट्रेनिंग की बाध्यता को चुनौती देती है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर चार हफ़्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सलवा जुडूम के समय वे लोग जो कि एसपीओ बनाए गए थे, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार के बाद नई व्यवस्था के तहत नया एक्ट लाकर सहायक आरक्षक बनाया गया था, यह मसला उन्हीं से जुड़ा हुआ है। इन्ही सहायक आरक्षकों के बीच से चयन कर डिस्ट्रिक्ट स्ट्राइक फोर्स का गठन किया गया है। इस भर्ती के पीछे सहायक आरक्षकों की वह मांग थी जिसमें उन्होंने नियमित आरक्षकों की तरह लाभ की बात सरकार से रखी थी। इनमें वेतन सहित अन्य सुविधाओं की माँग शामिल थी।अब जबकि सहायक आरक्षकों को डिस्ट्रिक्ट स्ट्राइक फोर्स में भर्ती किया गया। उन सभी को बेसिक ट्रेनिंग के लिए पुलिस ट्रेनिंग सेंटर भेजा गया है। आपत्ति यहीं से शुरु हुई है। हाईकोर्ट में दाखिल याचिका WPC 8585/2024 में यह याचना की गई है कि, बेसिक ट्रेनिंग शब्द से यह अभिप्राय है कि, इसके पूर्व प्रशिक्षण नहीं हुआ जबकि पहले प्रशिक्षण प्राप्त किया गया था, साथ ही इस बेसिक प्रशिक्षण से उनके ( सहायक आरक्षक जो कि डीएसएफ में चयनित हुए ) के पूर्व के अनुभव जो कि न्यूनतम 9 वर्ष हैं वह वरीयता प्रभावित ना हो। इस याचिका को याचिकाकर्ताओं की ओर से हाईकोर्ट में अधिवक्ता रवि भगत ने पेश किया है। जस्टिस राकेश मोहन पांडेय ने इस याचिका को लेकर राज्य सरकार को चार हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

## संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सूरजपुर,21दिसंबर।** जिले के बतरा रेलवे फाटक के पास दर्दनाक हादसा हुआ है. रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय बाइक सवार दो युवक मालागाड़ी से टकरा गए. इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई है. वहीं दूसरा युवक घायल हुआ है. जानाकारी के मुताबिक, करंजी चौकी क्षेत्र के बतरा रेलवे ट्रैक से मालगाड़ी के गुजरने का समय था. रेलवे क्रॉसिंग में फाटक नहीं होने से बाइक सवार ट्रैक पार करने लगे. इसी बीच अचानक वे ट्रेन की चपेट में आ गए. हादसे में एक की मौत हुई तो दूसरा घायल हो गया है. यहां फाटक नहीं होने के कारण पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है. दर्दनाक हादसे से लोगों में आक्रोश देखने को मिला है. मृतक के नाराज परिजनों को काफी समझाइश दी गई, जिसके बाद उन्होंने शव को उठाया.

### फांसी के फंदे पर लटका मिला आरक्षक का शव

**राजनांदगांव,21 दिसंबर।** जिले में आज सुबह एक पुलिस आरक्षक की पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकी हुई लाश मिली है. घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. मामलें की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. मामला रामपुर घोरदा का है. जानकारी के अनुसार, खैरागढ़ में आरक्षक का पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका शव मिला है. बताया जा रहा है कि आरक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस मामले की जांच कर रही है. वहीं घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है. मृतक की पहचान अनिल रत्नाकर के रूप में हुई है., जो खैरागढ़ जिले में आरक्षक के पद पर पदस्थ था. वहीं जिले में आरक्षक भर्ती मामले में 14 संदेही की जांच हो रही थी. जिसमें आरक्षक भी शामिल था. हालांकि आरक्षक ने किस वजह से आत्महत्या की, ये अबतक सामने नहीं आ पाया है. पुलिस ने आरक्षक के शव को पीएम के लिए भेज दिया है, साथ ही मामले की जांच में जुट गई है.

### वंदे भारत एक्सप्रेस में तैनात टीटीई की ट्रेन में संदिग्ध मौत

**दुर्ग,21 दिसंबर।** दुर्ग से विशाखापटनम जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में ड्यूटी पर तैनात टीटीई राजेंद्र कुमार निर्मलकर की संदिग्ध



परिस्थितियों में मौत हो गई। राजेंद्र कुमार निर्मलकर, जो भाटापारा के निवासी थे, वंदे भारत एक्सप्रेस में तैनात थे और उनकी मौत ट्रेन के सफर के दौरान हुई। ट्रेन जब टिटलागढ़, ओडिशा पहुंची, तो मृतक के शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना की सूचना मिलने के बाद रेलवे प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, उनकी मौत के कारण संदिग्ध हैं, और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पार्किंग विवाद में शख्स की हत्या, 3 आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई ,21 दिसंबर।** मुंबई के विक्रोली पश्चिम स्थित सूर्य नगर में पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद 41 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद पार्क साइट पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार, विक्रोली में इस्लामपुरा नूरानी मस्जिद से जाने वाली सड़क पर एक दुकान के सामने टेम्पो पार्क करने को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद देखते ही देखते यह विवाद झगड़े में बदल गया और मोहम्मद तारिक जैनुर आब्दीन,फुरकान इश्तियाक अहमद खान और जीशान इश्तियाक अहमद खान ने किताबउल्लादिन शेख की पिटाई शुरू कर दी।आरोपियों ने लोहे की मेज,पाइप और हाथों में जंजीर लेकर किताबउल्ला को पीटना शुरू कर दिया.

## एक नजर

### महिलाओं पर हमला करने वाला बंदी



**भिलाई, 21 दिसंबर।** भिलाई दूसरे के घरों में काम करने वाली महिलाओं को शिकार बनाने वाला आरोपी पकड़ा गया है. पुलिस के मुताबिक साइको क्रिमिनल सुनसान रोड पर जाकर छिप जाता था. जैसे ही कोई महिला वहां से पैदल गुजरती थी वो उसपर हमला कर देता था. पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया है पकड़ा गया आरोपी उत्तर प्रदेश बदायूं का रहने वाला है पुलिस के मुताबिक वर्तमान में वो जामुल में किराए का मकान लेकर लेबर कैंप में रुका था साइकिल सवार महिलाओं को बनाता था निशाना पुलिस ने बताया कि जैसे ही कोई महिला सुनसान रोड से गुजरती थी वो मोटरसाइकिल से धक्का मारकर उसे खेत में गिरा देता था. आरोपी इतना शातिर था कि वो घटना वाली जगह की पहले से रेकी कर लेता था. रेकी के बाद वो सुनसान जगह पर जाकर खड़ा हो जाता जैसे ही कोई महिला काम से लौट रही होती वो उसे टक्कर मारकर गिरा देता. महिला को काबू में करने के बाद उसके साथ गलत काम करता और उसके गहने लेकर भाग जाता डीएसपी क्राइम ब्रांच हेमप्रकाश नायक ने बताया कि आरोपी बड़ा शातिर बदमाश है. रेकी करने के बाद महिलाओं को अपना शिकार बनाता रहा है. दुष्कर्म और लूटपाट के बाद वो मौके से फरार हो जाता था. पकड़े गए आरोपी के पास से सोने चांदी के जेवरात भी मिले हैं रेकी के बाद घटनाओं को देता था अंजाम पुलिस के मुताबिक आरोपी ने हाउसिंग बोर्ड और सेक्टर 9 में इस तरह की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया है. पीड़ित महिलाओं की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए उसकी तलाश शुरु की. भिलाई में इसी तरह की घटना को अंजाम देने की कोशिश के दौरान मौके पर लोग पहुंच गए आरोपी वहां से अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गया. बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया।

### दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**भिलाई, 21 दिसंबर।** दुर्ग पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई थी इस मामले में न्यायालय ने दो आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है न्यायालय ने दोषियों पर पांच-पांच सौ रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है जिन आरोपितों को सजा सुनाई गई है उसमें खुर्सीपार थाना अंतर्गत क्रांतिनगर निवासी 32 वर्षीय बलराम क्षत्रिय और 34 वर्षीय झुमन साहू शामिल है घटना छह-सात फरवरी दरम्यानी रात आइआइटी मैदान के सामने हुई थी आरोपितों ने एकराय होकर श्यामकुमार उर्फ मोनू के शरीर पर नुकीले पत्थर से वार कर उसके सिर को कुचल दिया  हत्या कर शव नग्नावस्था में आइआइटी मैदान में ही फेक दिया। सूचना मिलते ही खुर्सीपार पुलिस मौके पर पहुंची जांच में यह बात सामने आई कि आरोपितों ने मृतक श्यामकुमार को पहले जमकर शराब पिलाई। इसके बाद उसे आइआइटी मैदान लेकर पहुंचे आरोपितों ने नुकीले पत्थर से वार कर उसके सिर को पत्थर से कुचल दिया  जांच में यह बात सामने आई थी कि मृतक आरोपित बलराम की पत्नी तथा उसके मर्दानगी के बारे में अपशब्द कहता था। इससे नाराज बलराम ने अपने साथी के साथ मिलकर श्यामकुमार की हत्या की योजना बनाई पुलिस ने आरोपित बलराम क्षत्रिय और झुमन साहू के खिलाफ धारा 302, 34 के तहत केस पंजीबद्ध कर प्रकरण सुनवाई के लिए षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश श्यामवती मरावी के न्यायालय ने प्रस्तुत किया।

### छात्र को हाईवा ने चपेट में लिया

**भिलाई, 21 दिसंबर।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र स्कूल से घर लौट रहे एक छात्र को एक हाईवा ने अपनी चपेट में ले लिया। वाहन के चक्के के नीचे दबकर छात्र के सिर कुचल जाने से उसकी मौके पर मौत हो गई हादसे की जानकारी लगते ही उसके स्वजन और गांव वाले एकत्रित हो गए सभी ने वहीं - पर प्रदर्शन शुरू कर दिया घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस वहां पहुंची तो ग्रामीणों ने तीन घंटे तक शव को उठाने नहीं दिया मुआवजा और आरोपित को बीच सड़क पर फांसी देने की मांग को लेकर वे लोग शव को चीर घर भिजवाया पुलिस ने बताया कि ग्राम मोहंदी निवासी खिलावन निषाद का मंझला बेटा 12 वर्षीय भावेश निषाद गांव के ही शासकीय स्कूल में कक्षा छठवीं का छात्र था वो शुक्रवार की शाम करीब चार बजे स्कूल से अपने घर जा रहा था तभी मोहंदी की ओर से आ रहे एक हाईवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने 25 लाख रुपये मुआवजा और आरोपित चलक को बीच सड़क पर फांसी देने की मांग शुरू कर दी  पुलिस ने लोगों को समझाइश देने का प्रयास किया और हाईवा के मालिक से बात की तो उसने डेढ़ लाख रुपये तुरंत देने की बात कही लेकिन ग्रामीण अपनी बात से पीछे हटने के लिए तैयार नहीं थे करीब सात बजे तक जब लोग सड़क से नहीं हटे तो तीन भाई बहनों में मंझला था मृतक मृतक भावेश तीन भाई-बहन में मंझला था। उससे बड़ा एक भाई है और उसकी एक छोटी बहन है। मृतक के पिता खिलावन निषाद खेती और मजदूरी का काम करते हैं। घटना के बाद उसकी मां भी मौके पर पहुंची और बेटे के शव को देखते ही बदहवास हो गई।गांव की अन्य महिलाओं ने उसकी मां को संभाला।

### सुशासन के एक साल में श्रमिक भी हुए खुशहाल

**दुर्ग, 21 दिसम्बर ।** छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक वर्ग को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के लाभान्वित करने नये पंजीयन कार्ड बनाने के साथ नवीनीकरण भी किये जा रहे हैं।

जिले में निर्माण स्थल, औद्योगिक क्षेत्र तथा श्रमिक बस्ती एवं ग्राम पंचायतों में श्रम शिविर/मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। विगत दिवस जिले के विभिन्न स्थानों में 07 पंजीयन शिविरों के माध्यम से 94 श्रमिक पंजीयन तथा 23 श्रमिक कार्ड नवीनीकरण किया गया है। इसी प्रकार दुर्ग नगर के श्रमिक बस्ती उरला, बाम्बे आवास में भी श्रमिक पंजीयन शिविर आयोजित कर 66 श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी दी गई ।

# कबीरधाम जिले में दिखने लगी पीएम आवास निर्माण की तस्वीर, हजारों परिवारों में खुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,21 दिसंबर।** कबीरधाम जिले में सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने हजारों परिवार को पीएम आवास की सौगात दी जिससे किसानों ओर अधिकतर गरीब परिवार के चेहरे में खुशी दिख रही है । सुबह सुबह पीएम आवास बनाते हुए एक गांव में एक व्यक्ति ने कहा की काई सालों से सुंदर आवास का इंतजार था और डिप्टी सीएम विजय शर्मा के बनते ही खाते में प्रथम किश्त आ गई ओर सुंदर आवास बना रहा हूं । कबीरधाम जिले में 22317 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि प्राप्त हुई हैं जिनमें बोड़ला में 4955 कवर्धा में 5049 पंडरिया में 7474 सहसपुर लोहारा में 4839



हितग्राहियों को सौगात मिली । डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने चौबीस गांवों में मिनी स्टेडियम की सौगात दी है जिससे गांवों में युवाओं में खुशी दिख रही है और गांवों से भी खेल प्रतिभा अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनेगी । प्रधानंत्री जन मन योजना के तहत सड़को की सौगात मिली है जिससे बैगा अंचलों ओर दूरस्थ अंचलों में भी सड़को का जाल बिछेगा ओर सड़को का निर्माण प्रगति पथ से भी खुशी की लहर है । चाय पीते पीते गांवों में युवाओं ने चर्चा करते हुए कही । डिप्टी सीएम से अपेक्षा के सवाल पर बसों में छात्राओं , युवाओं , माताओं ने कहा की बोड़ला से कवर्धा तक सिटी बस जाने की सौगात मिले । कबीरधाम जिले में अपराध करने वालो गांजा बेचने वालो , अवैध शराब बेचने वाले ,सट्टा खिलाने वालों ओर चोरी करने वाले अपराधी पर लगातार कारवाई हो रही है जेल जा रहे है जिससे महिलाओं , छात्राओं की सुरक्षा के प्रति विश्वास बढ़ा है सुबह से ही कवर्धा , पोड़ी , बोडला सहसपुर लोहारा में डायल 112 चौबीस घंटे लोगो की सहायता ओर आपराधिक तत्वों पर भी पैनी नजर रखती है । एक साल के कार्यकाल को देखकर कहा जा सकता की पीएम आवास निर्माण की तस्वीर दिखने लगी है और हजारों गरीब परिवार में खुशी का माहौल है जिसके लिए डिप्टी सीएम विजय शर्मा की तारीफ होती हुई दिख रही है । जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट और भाजपा जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा ने सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम विजय शर्मा की तारीफ करते हुए कहा की कबीरधाम जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में किसानों और गरीब परिवार का सुंदर आवास बनने का सपना साकार हो रहा है ।

## गरीब परिवारों के लिए उम्मीद की किरण साबित हुई प्रधानमंत्री आवास योजना

**दुर्ग, 21 दिसम्बर ।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायत मचान्दुर की निवासी श्रीमती त्रिवेणी बाई की कहानी संघर्ष और सफलता की मिशाल है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने त्रिवेणी बाई जैसे परिवारों को न केवल एक घर दिया है, बल्कि उनके जीवन में सुरक्षा, सम्मान और स्थिरता भी प्रदान की है। यह योजना गरीब परिवारों के लिए एक नई उम्मीद की किरण साबित हो रही है। त्रिवेणी बाई का परिवार बेहद गरीबी में जीवन यापन कर रहा था। पति के विकलांग होने के कारण परिवार पर आर्थिक बोझ और भी बढ़ गया था। त्रिवेणी बाई ने बताया कि जीवन यापन के लिए मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करती थी और घर जुटाने के लिए संघर्ष करती थी। घर कच्चा और जर्जर होने के कारण बारिश के दिनों में छत से पानी टपकने से हर समय डर लगा रहता था कि घर गिर ना जाए, किंतु हमारे मुखिया मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने हम गरीबों का ध्यान रखा और हमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए मदद मिलने से हमारी जिंदगी में रोशनी आ गई। इस योजना की सहायता से हमने एक पक्का और सुरक्षित घर बनाया। अब हम बेफिक्र होकर रहते हैं। मेरा परिवार सुरक्षित महसूस करता है, और हमारे बच्चों को भी बेहतर माहौल मिल रहा है। उन्होंने राज्य सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं सरकार की बहुत आभारी हूं,

## जिले में 2,67,268.28 मे. टन धान खरीदी

**दुर्ग, 21 दिसम्बर ।** शासन की धान खरीदी नीतियों के अनुरूप सुसंगत ढंग से जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। विष्णु के सुशासन में किसानों के हित में लिए गए निर्णय से किसानों के चेहरे खिल उठे है। उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव तेजी से होने लगा है। विष्णु सरकार द्वारा लिए गए फैसले से राईस मिलर्स लौट आए है। ट्रांसपोटर्स भी धान का उठाव कर रहे है। अब तक 119 मिलर्स पंजीयन करा चुके है। 82,753 में. टन धान के उठाव के लिए डीओ/टीओ जारी किया जा चुका है। बफर लिमिट केंद्रों में उठाव की वजह से अब धान की मात्रा कम होने लगी है। अब किसानों को धान की बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। उपार्जन केंद्रों में धान की ढ़ेरी लगाने पर्याप्त जगह मिलने लगी है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले के 87 सहकारी समितियों के 102 उपार्जन केन्द्रों पर धान खरीदी चल रही है। जिले के पंजीकृत 1,14,778 किसानों में से अब तक 57,239 किसानों से 2,67,268.28 में. टन धान खरीदी की गई है। उपार्जन केन्द्रों में धान के उठाव तेजी आई है। 20,676.00 में. टन धान का उठाव किया जा चुका है।

रिसामा धान उपार्जन केंद्र में चिरपोटी ग्राम पंचायत के किसान श्री दौलत साहू ने चर्चा के दौरान बताया कि उन्होंने 20 क्विंटल धान बेचा है। बिक्री के 72 घंटे के भीतर उन्हें राशि का भुगतान किया गया। कृषक श्री साहू ने बताया ''मेरे दो बच्चे हैं। बेटी कॉलेज में पढ़ाई कर रही है और दूसरा बेटा पढ़ाई समाप्त कर खेती किसानी में हाथ बटा रहा है। धान बेचने से प्राप्त राशि बेटी की पढ़ाई में लगाऊंगा और कुछ राशि से घरेलू खर्च निकलेगा।'' कृषक रोशन लाल साहू ने बताया कि उन्होंने 65 क्विंटल धान बेचा है और प्राप्त राशि से माल वाहक गाड़ियों की मजदूरी दी और कुछ पैसे घर खर्च में लगाए है।

# रायपुर में विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण उपमुख्यमंत्री से मुलाकात कर बच्चे हुए खुश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 21 दिसंबर।** कबीरधाम जिले के बोड़ला के विकासखंड स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरमो के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर में एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रायपुर के प्रमुख स्थलों–साइंस सेंटर, जंगल सफारी और विधानसभा भवन का दौरा किया। भ्रमण की विशेष बात यह रही कि विधानसभा भवन में विद्यार्थियों को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से भेंट करने का अवसर भी मिला। विधानसभा भवन के भ्रमण के दौरान उपमुख्यमंत्री  विजय शर्मा ने विद्यार्थियों से मुलाकात की और उनके अनुभवों को जाना। उन्होंने बच्चों के साथ सामूहिक फोटो खिंचवाई और उन्हें



प्रेरक संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की सलाह दी, जिससे वे अपने जीवन में बड़े लक्ष्य हासिल कर सकें।साइंस सेंटर में विद्यार्थियों ने विज्ञान और तकनीकी प्रयोगों को करीब से देखा और समझा। यह अनुभव उनके अंदर वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने वाला रहा। जंगल सफारी में उन्होंने विभिन्न वन्यजीवों को देखा और पर्यावरण के महत्व को महसूस किया। इन दोनों स्थलों का भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल मनोरंजक बल्कि शैक्षणिक दृष्टि से भी बेहद लाभदायक साबित हुआ।

### विशेष आग्रह पर हुआ आयोजन

इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन विद्यार्थियों की विशेष मांग पर किया गया था। विद्यार्थियों ने विधानसभा भवन और अन्य स्थलों को देखने की इच्छा व्यक्त की थी। उपमुख्यमंत्री ने उनकी इस मांग को प्राथमिकता दी और भ्रमण के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं।भ्रमण के बाद विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह उनके जीवन का अविस्मरणीय पल था। उन्होंने रायपुर के ऐतिहासिक और शैक्षणिक स्थलों के साथ-साथ राज्य की विधायी प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। यह अनुभव उनके भविष्य को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

# आत्मानंद स्कूल में छात्र-छात्राओं को नए कानून की जानकारी दी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 21 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक महोदय धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र कुमार बघेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं उप पुलिस अधीक्षक मोनिका सिंह परिहार के निर्देशानुसार महिला सेल जिला कबीरधाम द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल कवर्धा में नये कानून के बारे में वाद-विवाद प्रतियोगिता, नाटक के माध्यम से स्कूल के बच्चों को नये कानून एवं दहेज प्रथा के बारे में जानकारी दी गई,एवं महिलाओं एवं बच्चों के ऊपर होने वाले अपराधों के संबंध में नए कानून के प्रवधान के बारे में बताया गया, एवं अभिव्यक्ति एप, साइबर अपराध के बारे में जानकारी देकर साईबर अपराधियों से बचने के उपाय बताए गए, एवं दहेज प्रथा, छेड़छाड़, यातायात नियमों का पालन, गुड टच बैड टच, घरेलू हिंसा, के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला सेल जिला कबीरधाम से सउनि विजया कैवत, काउंसलर सीमा रानी कुरे मैडम, ज्योति मरकाम, थलेश्वरी निषाद, रजनी टोप्पो, महेश धुर्वे, गोपाल राजपूत, नेवंत मिश्रा ,प्रमोद चंद्रवंशी, एवं स्कूल के प्रिंसिपल रामपाल सिंह सर, शिक्षिका पूर्णिमा साहू उपस्थित रहे।

# रक्तदान-महादान दुनिया का सबसे बड़ा पुण्य का कार्य:हर्षा लोकमनी चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 21 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार के छत्तीसगढ़ शासन का एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीठ में रेडक्रास सोसायटी

दुर्ग के सहयोग रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य रोगियों व आवश्यक उपचार के जरूरत मंदों को निशुल्क रक्त देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हर्षा लोक मणी चंद्राकर ने किया कुल 21 लोगों ने रक्तदान किया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बडा प्रयास किया। मुख्य



अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हर्षा लोकमणी चंद्राकर ने रक्तदान महादान के संबंध में कहा हम सभी रक्तदान करना चाहिए क्योंकि बहुत से लोग बीमारियों में, एक्सीडेंट केसेस,ब्लड कैंसर जैसे रोग एंव विभिन्न आप्रेशन में हितग्राही मरीजों को दान किया गया रक्त लगता है। यह बडा पुण्य का काम है। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने कहा कि रक्तदान जैसा कोई दान नहीं क्योंकि आपके इस दान से किसी की जिंदगी बचतीं है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, सेवा सहकारी समिति झीट अध्यक्ष धर्मेंद कौशिक, युवामोर्चा महामंत्री रूपेंद्र साहू, जीवन साहू, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीठ सेक्टर प्रभारी डा अनुराग सोनकर, शिशु रोग विशेषज्ञ डा विजेता डोंगरे,डा नवनीत कौर डा अभिलाषा दीवान श्रीमती चंद्रकांता साहू, असलम, फार्मासिस्ट नरेंद्र लिल्हारे,स्टाफ नर्स भूमिका देवांगन,रीतू ठाकुर, सुपरवाइजर जे आर मार्कंडेय, एकलव्य देशमुख, काउंसलर रूक्मणी साहू,आर एच ओ हरीश खरे,सभी जन प्रतिनिधि गण, विभिन्न पंचायतों के सरपंच व विभाग के आर एच ओ मेल व फिमेल सहित अन्य लोग का भरपूर सहयोग रहा ।

# दीपशिखा विद्यालय में पूर्व विद्यार्थियों का मिलन समारोह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 21 दिसंबर।** दीपशिखा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुमरडीह उतई में विद्यालय की स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर 2007 प्रथम बैच से 2016 तक हायर सेकेंडरी परीक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं एवं पूर्व शिक्षकों का एक दिवसीय मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत के अध्यक्ष श्री डिकेन्द्र हिरवानी अध्यक्षता श्री अश्वनी साहू पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष दुर्ग एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व पालक शिक्षक समिति के अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम, केजूराम साहू एवं वर्तमान पालक शिक्षक समिति के सदस्य संतोष कुमार मिश्रा थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के मंदिर में पूजा अर्चना



कर कार्यक्रम की शुभारंभ की। स्वागत भाषण सचिव डी एल सिन्हा ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पूर्व छात्रों ने विद्यार्थी जीवन की सुनहरी यादों को प्रस्तुत किया। विद्यालय में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राएं शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं । कुछ विद्यार्थी ऐसे हैं जो अपनी सफल उद्यम से बड़े-बड़े स्वयं का कारोबार भी स्थापित किए हैं ।उपस्थित सभी छात्रों ने अपना परिचय देकर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी । यादों को साझा करते हुए छात्र-छात्राओं ने कहा कि प्रारंभ में एक छोटे से स्वरूप में स्थापित विद्यालय आज काफी विकसित रूप ले चुका है। यह विद्यालय के कुशल प्रबंधन के अथक प्रयास एवं सभी की सहयोग का प्रमाण है ।दीपशिखा विद्यालय अंचल का एक सर्वश्रेष्ठ विद्यालय है। जिसका हमें बड़ा ही गर्व है। धीरे-धीरे अपने स्वर्ण वर्ष की और अग्रसर होता रहेगा । मुख्य अतिथि श्री डिकेन्द्र हिरवानी ने कहा कि यह विद्यालय सभी क्षेत्रों में सफल एवं अग्रणी विद्यालय है। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को और प्रगति की पथ पर अग्रसर होन का शुभ आशीष प्रदान किये।मिलन समारोह के अवसर पर प्राचार्य के आर सिन्हा प्रधान पाठक एन के चंद्राकर उप प्राचार्य श्रीमती अनीता यादव, शांता सोनवानी ,उप प्रधान पाठक एस आर सेन श्रीमती चंदा देवी सिन्हा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यादों को साझा करते हुए छात्रों ने कहा कि प्रारंभ में एक छोटे से स्वरूप में स्थापित विद्यालय आज काफी विकसित रूप ले चुका है यह विद्यालय प्रबंधन के अध्यक्ष प्रयास एवं सभी की सहयोग का प्रमाण दीपशिखा विद्यालय आंचल का एक सर्वश्रेष्ठ विद्यालय धीरे-धीरे अपनी स्वर्ण जयंती वर्ष की ओर अग्रसर होता रहेगा मुख्य अतिथि जी डी केंद्र हिरवानी ने कहा कि यह विद्यालय सभी क्षेत्रों में सफल एवं अग्रणी विद्यालय है ।

### बदमाश अमित जोश एनकाउंटर की जांच

**भिलाई, 21 दिसंबर।** भिलाई के कुख्यात गुंडा बदमाश अमित जोश के एनकाउंटर के बाद दंडाधिकारी जांच की जा रही है कलेक्टर ने छावनी एसडीएम हितेश पिस्दा को जांच के लिए नियुक्त किया है आदेश में कहा गया है कि यदि किसी को भी इस घटना के संबंध में कोई भी जानकारी देनी हो तो वो 25 दिसंबर तक छावनी एसडीएम के न्यायालय में जाकर जानकारी दे सकते हैं बता दें कि बीते आठ नवंबर को कुख्यात गुंडा बदमाश अमित जोश उर्फ मोरिस जयंती स्टेडियम के पीछे पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था अमित जोश के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, मारपीट और आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न गंभीर अपराधों के कुल 36 मामले दर्ज थे ।

# प्रिज्म संस्थान में दो दिवसीय इंटर कालेज खेल स्पर्धा लक्ष्य का समापन

**उतई, 21 दिसंबर।** प्रिज्म कैम्पस में इसका आयोजन किया गया इस वार्षिक खेलकुद में खो-खो, कबड्डी और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ 19 दिसंबर 2024 को मुख्य अतिथि श्री दिनेश नामदेव (निदेशक खेलकुद विभाग) हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से किया गयाशुभारंभ के अवसर पर श्री रूपेश कुमार गुप्ता, अध्यक्ष प्रिज्म कॉलेज ने विजय मसाल उज्जवलित कर खिलाड़ियों को उत्साहवर्द्धित किया गया। डायरेक्टर श्रीमती ख्याति साहू ने, इस आयोजन का मकसद बताया एवं यह आश्वाशन दिया कि आने वाले सत्र में



बास्केट बॉल ग्राउंड के साथ बास्केट बॉल खेल का आयोजन भी प्रिज्म में किया जाएगा ।प्रतिस्पर्धा में दुर्ग जिले के 12 कॉलेजों से कुल 20 से ज्यादा टीमो ने भाग लिया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती कल्पना स्वामी मैम संचालक शासकीय खेल दुर्ग की उपस्थिति रही। उन्होंने अपने जीवन से प्राप्त ज्ञान को खिलाड़ियों के साथ बांटा, तथा उनको खेल के गुण सिखाए।वॉलीबॉल बालक विजेता बीआईटी कॉलेज दुर्ग, उपविजेता प्रिज्म कॉलेज, तथा खोखो में बालिका विजेता मैत्री कॉलेज, उपविजेता प्रिज्म कॉलेज, कबड्डी बालक विजेता प्रिज्म कॉलेज, उपविजेता मैत्री कॉलेज, एवं कबड्डी बालिका विजेता प्रिज्म कॉलेज, उपविजेता मैत्री कॉलेज रहे। प्रथम विजेता को 3000/ और द्वितीय विजेता को 2000/ नकद राशि, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। इस दो दिवसीय लक्ष्य 2024 की समन्वयक डॉ सीमा कश्यप द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं उसका कार्यवाहन द्वारा किया गया। संपूर्ण खेलकुद प्रतियोगिता में बीआईटी कॉलेज, सीएसआईटी कॉलेज, अशोका कॉलेज, मैत्री कॉलेज शैलदेवी कॉलेज, प्रिज्म कॉलेज, अशोका ह्वह्व एवं अन्य के छात्रों ने बढ़चढ़कर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समस्त प्रिज्म कॉलेज के सभी शिक्षक और कर्मचारी ने महत्वपूर्ण एवं सराहनिया भूमिका निभायी।

## साजा विधानसभा में सीसी रोड निर्माण के लिए 35.99 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग, 21 दिसम्बर ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए साजा विधानसभा के 07 कार्यों के लिए 35 लाख 99 हजार 924 रूपए स्वीकृत किया गया है। जिला प्रभारी मंत्री, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत धमधा मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग द्वारा की जाएगी।जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत पथरिया में खेलावन साहू के घर से सोसायटी तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम पंचायत डोमा में दुर्गा मंच से दुखवा के घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 4 लाख 99 हजार 924 रूपए, ग्राम पंचायत टेकापारा में बल्लू पटेल के घर से पानी टंकी मेन रोड तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए, ग्राम पंचायत गाड़ाघाट में आदिवासी गोड़ पारा में सीसी रोड निर्माण एवं मेन रोड से स्कूल तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख बरेझर रिखी सिन्हा के घर से खिलन वर्मा के घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान

## एक नजर

### शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने शिविर

**राजनांदगांव 21 दिसंबर।** भारत सरकार द्वारा 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह मनाये जाने के निर्देश प्राप्त हुये है, निर्देशानुसार जनसमान्य को शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक लाभान्वित करने पंचायत स्तरीय एवं निकाय स्तरीय शिविर लगाया जाना है। शिविर के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि भारत सरकार के निर्देश एवं जिलाधीश श्री संजय अग्रवाल के आदेशानुसार सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निगम सीमाक्षेत्र के लोगों को देने 23 दिसम्बर सोमवार को गौरव पथ स्थित पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में शिविर आयोजित किया जा रहा है, शिविर में महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ देने स्टाल लगाया जायेगा, जिसमें आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, स्वास्थ्य परीक्षण, निगम संबंधी योजना का लाभ दिया जायेगा। जिसमें राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने आवेदन लिया जायेगा। उन्होंने शासन की जन कल्याणकारी योजना का लाभ लेने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### पुलिस भर्ती में योग्य अभ्यर्थियों को रोजगार देने में राज्य की भाजपा सरकार फेलः कुलबीर



**राजनांदगांव 21 दिसंबर।** पूरे प्रदेश सहित राजनांदगांव जिले में पुलिस आरक्षक भर्ती 2023-24 में गड़बड़ी नजर आ रही है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरूवार 20 दिसंबर को प्रेसवार्ता ली जिसमें बताया कि पुलिस भर्ती में अभ्यर्थियों द्वारा पारदर्शिता का अभाव बताया जा रहा है। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में भी आयोजित पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया 2023-24 में जिस प्रकार की गड़बड़ियों हो रही है और योग्य अभ्यार्थियों को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है और संबंधित गड़बड़ी के दोषियों को बचाने की कोशिश कर रही है जिसको लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार पत्रकारवार्ता ली गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया 2023-24 में जिस प्रकार की गड़बड़ियां हो रही है यह सोचनीय विषय है। भाजपा सरकार में पुलिस प्रशासन भर्ती पर गड़बड़ी रोक नहीं पा रहा है जिससे संदेह की स्थिति है। जिस तरह सरगुजा और बस्तर के आदिवासी अभ्यर्थियों को हाइट में छूट दी जा रही है तो वहीं डा.रमन सिंह अपने गृह जिले के मानपुर-मोहला की आदिवासी क्षेत्र के अभ्यार्थियों के लिए कम हाइट की छूट क्यों नहीं दिला पा रहे है। डा.रमन सिंह जी के विधानसभा क्षेत्र व उनके लोकसभा क्षेत्र में हुई गड़बड़ियों को लेकर डा.रमन सिंह भी मौन साधे हुए हैं और योग्य अभ्यर्थियों के जांच के पत्र को सत्ता सरकार के दबाव में पुलिस प्रशासन स्वीकार नहीं कर रहा है।

### लखोली वार्ड नंबर 36 से आशीष डोंगरे की धमाकेदार तैयारी

**राजनांदगांव 21 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के आम चुनाव के तारतम्य में जिले के सभी नगरीय निकायों के पार्षद पदों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया जिला पंचायत के सभागार में गुरूवार 19 दिसंबर को संपन्न हुई। इसी कड़ी में लखोली वार्ड क्रमांक 36 अनाआरक्षित घोषित होने पर आशीष डोंगरे ने धमाकेदार तैयारी कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री आशीष डोंगरे ने लखोली वार्ड नंबर 36 की पार्षद सेठी नगर से सीताबाई डोंगरे का प्रतिनिधित्व करते हुए आशीष डोंगरे ने नगर निगम में कांग्रेस की सत्ता रहते हुए भी कई विकास निर्माण कार्य करवाए हैं। जनहित के और भी अनेक कार्य उन्होंने समर्पित भाव से किए हैं। इससे वार्ड की जनता उनसे खुश है। वार्डवासी उन्हें भाजपा से सशक्त उम्मीदवार के रूप में देखते हुए उनसे बड़ी अपेक्षा रखे हुए हैं। संगठन में बड़े पद पर रहते हुए उन्होंने न सिर्फ राजनांदगांव बल्कि प्रदेश स्तर पर उन्होंने अनेक कार्य किए हैं। पिछले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी को जितने उनकी बड़ी भूमिका रही है। इस संबंध में श्री डोंगरे का कहना है की क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उनके वार्ड के निवासियों के मनसा के अनुरूप करोड़ों की प्रशासकीय स्वीकृति दिलाई जिसके लिए वह उनके आभारी हैं आगे भी उनसे बड़ी अपेक्षाएं हैं। श्री डोंगरे वार्ड के लोगों के सुख-दुख हर कार्यक्रम में शामिल होते हैं। वार्ड के बड़े बुजुर्ग महिला पुरुष युवा बच्चे सभी के साथ आसानी से घुल मिल जाते हैं। जैसा बन पड़े वैसा सहयोग वार्ड के लोगों के लिए शुरू से कर रहे हैं।



### छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय खो-खो टेक्निकल ऑफिशियल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**डोंगरगांव 21 दिसंबर।** समीपवर्ती ग्राम लाटमेटा नवाटोला जिला राजनादगांव में दिनांक 27,28 व 29 दिसम्बर 2024 को छत्तीसगढ़ अमेच्योर खो खो एसोसिएशन एवं जिला खो खो संघ राजनादगांव के सँयुक्त तत्वावधान में तीन द्विवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय खो खो,टेक्निकल ऑफिशियल्स(निर्णायक) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के कोई भी खो खो खेल से जुड़े लोग भाग ले सकते हैं।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में खो खो खेल के नियमों, मैदान निर्माण, फाउल सिगनल्स, विशलिंग, स्कोर शीट भरना, टेक्निकल ऑफिशियल्स की ड्यूटी, नये रूल रेगलूशन, प्रेक्टिकल वर्क, फिटनेस वर्क, आदि की प्रशिक्षण, खो खो खेल के विशेषज्ञ समिति द्वारा दिया जायेगा।इसके लिए छत्तीसगढ़ खो खो संघ ने, दिल्ली, अहमदाबाद, कोल्हापुर से, खो खो के विशेषज्ञ बुलाये हैं जो छत्तीसगढ़ के खो खो निर्णायकों को प्रशिक्षण देगे।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी ऑफिशियल्स के लिए आवास, भोजन, ग्राउण्ड की व्यवस्था लाटमेटा में किया गया है।

# देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला है नेता विपक्ष के खिलाफ एफआईआर: कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 दिसंबर।** शीतकालिन सत्र के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर के संदर्भ में की गयी टिप्पणियों तथा संसद में भाजपा सांसदों द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष, विपक्ष के नेता और अन्य विपक्षी सांसदों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और इस ज्वंलत मुद्दे से पूरे देश का ध्यान भटकाने के लिए लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज की। उल्लेखनीय है कि संसद भवन में शांतिपूर्वक हाथ में बैनर पोस्टर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी सांसदों के साथ भाजपा सांसदों द्वारा बलपूर्वक धक्का और संसद भवन के भीतर दाखिल न होने देने के अलोकतांत्रिक कुत्सित प्रयास का कांग्रेस पार्टी निंदा करती है।

यह संविधान निर्माता डा.बाबा साहेब अम्बेडकर जी के बारे में केंद्रीय गृहमंत्री की अपमानजनक असंसदीय टिप्पणियों से ध्यान हटाने और असहमति की आवाज़ों को दबाने का भाजपा का एक प्रयास है। यह सिर्फ व्यक्तिगत नेताओं पर हमला नहीं हैं, बल्कि हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी हमला है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में विरोध रैली निकली।



इसके विरोध में गुरूवार 20 दिसंबर को शहर और जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय कांग्रेस भवन से मानव मंदिर, सिनेमा लाइन, आजाद चौक, गुड़ाखु लाइन, जूनीहटरी से रैली जयस्तंभ चौक में समाप्त हुई। जिसमें कांग्रेसजन द्वारा तख्ती/बैनर द्वारा भाजपा के कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उपर झूठी एफआईआर का षंडयंत्र को नारे लगाते हुए रैली निकाली। रैली के माध्यम से कांग्रेसजन बाबा साहेब अम्बेडकर के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी का विरोध, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग, राहुल गांधी के उपर झूठे एफआईआर को निरस्त करने की मांग कर रहे थे। विरोध रैली में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, पीसीसी महासचिव शाहिद खान, डा.आफताब आलम, मेहुल मारू, रमेश राठौर, रूपेश दुबे, श्रीमती शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, अमित चंद्रवंशी, नरेश शर्मा, नासिर जिंदरान, सुरेन्द्र गजभिए, संजय साहू, निलेश ठावरे, शिवम गढ़पायले, शैलेष ठावरे, भरत सोनी, प्रियेश मेश्राम, नारायण सोनी, सुरेश सिन्हा, जितेन्द्र शर्मा, चंद्रकला देवांगन, मधुबाला श्रीवास्तव, सिद्धार्थ डोंगरे, अतुल शर्मा, विष्णु सिन्हा, हिम्मत पवार, महेश साहू, मनीष साहू, सौम्य शर्मा सहित बड़ी संख्या में जिले एवं शहर कांग्रेस के कार्यकता शामिल हुए।

# जुआड़ियों पर डोंगरगढ़ पुलिस की कार्रवाई, गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 21 दिसंबर।** 20 दिसंबर को थाना डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिला कि कुछ जुआड़ियान न्यू दिल्ली लॉज के पीछे खाली जगह में रूपये पैसे का दांव लगाकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे है कि सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, अति0पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा एवं एसडीओपी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम को सूचना से अवगत कराकर दिशा-निर्देश प्राप्त कर अपने थाना से टीम गठित कर सूचना तस्दीक हेतु टीम मौके के लिये रवाना किया गया। गठित टीम द्वारा मौके पर पंहूच कर अपने तेजी एवं स्फुर्ति के साथ चौकन्ने घेराबंदी कर न्यू दिल्ली लॉज के पीछे खाली जगह में 52 पत्ती ताश से जुआ खेल रहे जुआरी 01. गुरदीप सिंग भाटिया पिता प्रताप सिंग भाटिया उम्र- 39 साल निवासी राधिका नगर, डोंगरगढ़, 02. हरमीत सिंग भाटिया पिता वीरसिंह भाटिया उम्र- 46 साल, निवासी बुधवारी पारा डोंगरगढ़, 03. इन्द्ररजीत सिंग भाटिया पिता स्व0 केशर सिंह भाटिया उम्र- 59 साल निवासी बुधवारी पारा डोंगरगढ़, एवं 05. तरूण टेम्भुरकर पिता स्व. बाल कृष्ण टेम्भुरकर उम्र- 35 साल, निवासी राजीव नगर डोंगरगढ़ को पकड़ा। रेड कार्यवाही दौरान मौके से नगदी रकम 12050/-रू0 एवं 52 पत्ती ताश को जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रति. अधि. 2022 की धारा-3 एवं 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में प्र.आर. नवीन क्षत्रिय, आरक्षक- प्रयंश सिंह, योगेन्द्र देशमुख, योगेश साहू, ओमप्रकाश साहू, एवं चमन साहू का विशेष योगदान रहा है।



# सीएमओ पर कार्रवाई करने से बच रहे हैं अधिकारी

■ मामला -क्वांर नवरात्रि पर्व के दौरान मेले में किए गए भ्रष्टाचार का

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 21 दिसंबर।** शिकायत के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा तथा नपा कर्मचारियो के द्वारा मेला प्रांगण में आबंटित दुकान की रकबा से लेकर फर्जी तरीके से दूसरे के नाम पर आबंटित दुकान को किसी अन्य के हाथ मोटी रकम लेकर बेचने का आरोप लगाए थे. शिकायत के बाद जांच के आदेश दिए गए थे. एसडीएम मनोज मरकाम के आदेश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनीष चंद्र दुबे लालबहादुर नगर, नायब तहसीलदार सतपाल यादव,नायब तहसीलदार प्राची लांगे व राजस्व निरीक्षक दीनबंधु वर्मा के द्वारा जांच करने पर वित्तीय अनियमितता प्रारंभिक संरक्षण देते हुए दोषी प्रतीत करार किया गया था और इस संदर्भ का जांच प्रतिवेदन 10 अक्टूबर 2024 को भेजा गया था परंतु आज उपरांत तक दोषी सीएमओ के विरुद्ध कार्यवाही नहीं होते देख शिकायतकर्ता के द्वारा उच्च स्तरीय शिकायत की गई है. ज्ञात हो कि क्वांर नवरात्र मेला के दौरान व्यापारियों को दुकान आवंटन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया था. जांच में नगर पालिका के सीएमओ की संलिप्तता पाई गई थी. मेले के दौरान अन्य राज्यों के व्यापारी अपनी दुकानें लगाते हैं. लेकिन, पिछले नवरात्र में इन दुकानों के किराए और बिजली शुल्क के नाम पर भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया था. जांच के बाद एसडीएम डोंगरगढ़ के समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ था कि नगर पालिका के सीएमओ ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए दुकान आवंटन प्रक्रिया में हेरफेर किया, जिसमें वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि हुई थी. इसको लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनोज मरकाम ने बताया कि नोटिस तामिल कर दी गई है. उच्च अधिकारियों के आदेश पर कार्यवाही की जायेगी।



### मोर मकान-मोर आस योजनान्तर्गत लॉटरी के माध्यम से 24 दिसम्बर को आवास आबंटन

**राजनांदगांव 21 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस अंतर्गत मात्र किफायती दरों में आवास के लागत मूल्य पर वर्षों से किरायेदारों के रूप में निवासरत परिवारों का अब सपना साकार हो रहा है, उन्हें स्वयं का अपना पक्का आवास मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत नगर निगम सीमाक्षेत्र में सुन्दर सुविधायुक्त 1282 बहु मंजिला आवास लखोली, पेण्ड्री,मोहारा, रेवाडीह आदि स्थानों में पूर्ण रूप से निर्मित किया है, एवं 648 आवास विभिन्न स्तरो पर निर्माणाधीन है। उक्त आवासों को मोर मकान मोर आस योजना के तहत शासन द्वारा निर्धारित किए गए दरों पर नियमानुसार आबंटित किया जा रहा है। आवास आबंटित करने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की जा रही है। पूर्व में 147 पात्र हितग्राहियो को आवास का आबंटन किया गया। पात्र आवेदनों में से परियोजना अनुरूप राशि जमा करने पर आवेदकों को लॉटरी में सम्मिलित कर दिनांक 24 दिसम्बर 2024 दिन मंगलवार को दोपहर 3:00 बजे नगर निगम टॉउनहाल सभागृह में लॉटरी के माध्यम से आवास आबंटित किये जायेंगें। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास आबंटन के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विष्वकर्मा ने बताया कि मोर मकान मोर आस योजनान्तर्गत वर्षो से अवासहिन जरूरतमन परिवारो को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया हैं।

## समाचार संक्षेप

### असफलता ही सफलता की सीढ़ी है जीवन में कुछ पाना है तो कुछ खोना पड़ेगा: तरुण



**डोंगरगढ 21 दिसंबर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ ने 25 वे वार्षिकोत्सव समारोह बहुत ही हर्षो उल्लास एवं धूमधाम से मनाया. छात्र छात्राओ ने देश भक्ति से लेकर देश के विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य, नाटक तथा रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शक दीर्घा को मंत्र मुग्ध कर दिया.. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आई टी बी पी के सेना नायक श्री तरुण कुमार थे वही विशिष्ट अतिथि श्री प्रकाश जी प्राचार्य सेंट पेलोटी अंग्रेजी माध्यम थे. कार्यक्रम को तरुण कुमार मुख्य अतिथि के आसंदी से ओजस्वी भाषण से उद्बोधन करते हुए सभा को... बांध दिया... उन्होंने छात्र छात्राओ ही नहीं माता पिता एवम शिक्षक वृंद को... भी... लक्ष के लिए संघर्ष करने की सीख दी.. असफलता ही सफलता की सीढ़ी है... जीवन कुछ पाना है.. तो.. कुछ खोना पड़ेगा.. अपने आपको खपाना पड़ेगा.. मेहनत करना पड़ेगा... मानसिक संतुलन के लिए शिक्षा के साथ स्वस्थ शरीर एवम मनोरंजन बहुत जरूरी है, जो यहा केंद्रीय विद्यालय में दिख रहा है.. यहाँ के बच्चो की उपलब्धि एवम शिक्षक की मेहनत... तथा माता पिता का समर्थन..साफ दिख रहा है... जस्बा और जुनून होना चाहिए... समय बद्ध प्रबंधन एवम अनुशासन मे रहकर लक्ष को हासिल किया जा सकता हैं. कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य एस आर कुजूर ने रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया. संतोष सर ने कार्यक्रम संचालन किया वही वसीम खान सर ने धन्यवाद, आभार प्रकट किया. प्राचार्य कुजूर ने शाल, बुके, शील्ड देकर मुख्य अतिथि श्री तरुण कुमार का सम्मान किया(

### जिले के नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिए वार्डों के आरक्षण की कार्रवाई की गई



**राजनांदगांव 21 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में आगामी नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए वार्डों के आरक्षण की कार्रवाई लॉट निकालकर जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण नियम 1994 के प्रावधान अनुसार नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के वार्डों को आरक्षित किया गया। नगर निगम राजनांदगांव के 51 वार्डों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला वर्ग के लिए वार्डों का लॉट निकालकर आरक्षण की कार्रवाई की गई। नगर पालिक निगम राजनांदगांव के कुल 51 वार्डों में से 17 वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 3, 4, 7, 11, 12 एवं 40 कुल 6 वार्ड आरक्षित किया गया है, जिसमें वार्ड क्रमांक 7 एवं 40 कुल 2 वार्ड महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। इसी तरह अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 20, 21 एवं 44 कुल 3 वार्ड आरक्षित किया गया है, जिसमें वार्ड क्रमांक 21 कुल 1 वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 2, 6, 13, 15, 18, 26, 30, 31, 35, 41, 42, 43, 45, 46, 48 एवं 50 कुल 16 वार्ड को आरक्षित किया गया है, जिसमें से वार्ड क्रमांक 18, 26, 31, 42 एवं 43 कुल 5 वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अनारक्षित वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 1, 5, 8, 9, 10, 14, 16, 17, 19, 22, 23, 24, 25, 27, 28, 29, 32, 33, 34, 36, 37, 38, 39, 47, 49 एवं 51 कुल 26 वार्ड शामिल है, जिसमें से वार्ड क्रमांक 5, 9, 19, 22, 25, 29, 32, 34 एवं 38 कुल 9 वार्ड को अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के कुल 24 वार्डों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला वर्ग के लिए वार्डों का लॉट निकालकर आरक्षण की कार्रवाई की गई। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के कुल 24 वार्डों में से 8 वार्ड को महिला वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 2, 5, 9, 10 एवं 14 कुल 5 वार्ड आरक्षित किया गया है, जिसमें वार्ड क्रमांक 5 एवं 14 कुल 2 वार्ड महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 7 एवं 21 कुल 2 वार्ड आरक्षित है, जिसमें वार्ड क्रमांक 21 कुल 1 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित है। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड क्रमांक 1, 16, 22, 23 एवं 24 कुल 5 वार्ड आरक्षित किया गया है, जिसमें वार्ड क्रमांक 1 एवं 24 कुल 2 वार्ड महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। अनारक्षित वर्ग में वार्ड क्रमांक 3, 4, 6, 8, 11, 12, 13, 15, 17, 18, 19 एवं 20 कुल 12 वार्ड है, जिनमें वार्ड क्रमांक 12, 15 एवं 18 कुल 3 वार्ड अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

## नंदिनी गौशाला में गौ पूजा दिवस मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 21 दिसंबर।** विकासखंड के भंडारपुर हालेकोसा के नंदनी गौशाला में 20 दिसंबर को गौ पूजा दिवस मनाया गया। जहां गौ माता को फूल का हार पहनाकर एवम मस्तक में गुलाल का तिलक लगाकर कर पुजा अर्चना किया गया वहीं खुरा चपका का टिकाकरण और बधिया करण का कार्यक्रम का भी आयोजन किया। इस अवसर पर पशु चिकित्सा विभाग की ओर से डाक्टर श्रीमती उपासना चंद्राकर खण्ड चिकित्सा अधिकारी,डॉक्टर जे आर रावते सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी ,डॉक्टर नेहा कावरे मोबाइल वेटनरी ,डॉक्टर लकी पांडे मोबाइल वेटनरी तथा अंजली इंदुकर, आशीष रंगारे , नंदनी गौशाला के पदाधिकारी चिंताराम साहू संरक्षक, हन्नू लाल विश्वकर्मा,हीरालाल गंधर्व संरक्षक हुमन चंद्रवंशी एवम् लेखराम चंद्रवंशी उपाध्यक्ष कार्यकारिणी सदस्य रामलाल पटौदी , उभे राम तारम,महाराजी उईके ,देवनाथ कंवर, देवनाथ चंद्रवंशी, जीवनलाल जुड़ावन,सचिव सूरज चंद्रवंशी ,गौ सेवक जागेश्वर ठाकुर, करण कुंभकार ,चंद्रशेखर कुंभकार गौ सेविका श्रीमती कुंती कंवर, श्रीमती कन्या कुंभकार, श्रीमती ललिता पटेल ,आरती पटेल ,गंगाबाई पटेल, हेमलता पटेल, रामबाई पटेल , मान बाई रजक आदि उपस्थित रहे। चिंताराम साहू नंदनी गौशाला के संरक्षक ने बताया कि पशु चिकित्सा विभाग के द्वारा प्रतिवर्ष लगातार गौशाला में पशुओं का बराबर देखभाल करते हुए अपना योगदान दे रहे हैं जिससे गौशाला के गाय ,बैल, बछड़ा तंदुरुस्त है ।पशु विभाग के डॉक्टरों का जितना तारीफ किया जाए कम है। वहीं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर उपासना चंद्राकर ने कहा कि गौशाला के पदाधिकारी एवम् पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से ही गौशाला स्वलंबी बनेगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों , कार्यकर्ताओं और गौ सेवक, सेविको को गौ माता के सेवा कार्य के लिए आशिर्वाद दिया।



## मोहारा में महापौर निधि से बना कुम्हार समाज का सामुदायिक भवन, लोकार्पण

**राजनांदगांव 21 दिसम्बर।** नगर निगम द्वारा मोहारा वार्ड नं. 47 स्थित शारदा मंदिर के पास महापौर निधि अंतर्गत 5.00 लाख रूपये की लागत से कुम्हार समाज के लिये सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी, श्री भागचंद साहू, श्री गणेश पवार, श्री अमीन हुद्दा, वार्ड पार्षद श्रीमती सरिता अवधेश प्रजापति, पार्षद श्री अरूण देवांगन, पूर्व पार्षद श्री अवधेश प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित थे।



कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज के अशोक प्रजापति, लक्ष्मण प्रजापति, राजेन्द्र प्रजापति, गब्बर प्रजापति, गणेश प्रजापति, मोरज प्रजापति, हनुमान सरवन, शारदा प्रजापति, मनोहर प्रजापति, विजय प्रजापति, शीतल प्रजापति,संतोषी प्रजापति द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने मॉ शारदा की पूजा अर्चनाकर सामुदायिक भवन का विधिवत लोकापर्ण किया।

लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने कुम्हार समाज को बधाई देते हुए कहा कि, समाज वालो की मांग पर महापौर निधि से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण होने से अब समाज के लोगों को सामाजिक बैठक एवं अन्य आयोजनों के लिये वार्ड में ही एक उचित स्थान मिल गया।

### कुल 32 यूनिट रक्तदान

# नेहरू महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 21 दिसंबर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 19 दिसंबर गुरूवार को रेड रिबन क्लब, एनसीसी, एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमति ई.व्ही. रेवती के मार्गदर्शन में एक दिवसीय विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन स्व. अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव जिला अस्पताल की ब्लड बैंक की टीम के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, जनभागीदारी समिति के सदस्यगण रविंद्र अग्रवाल, उपकार साहू, कमलेश निषाद, मनीष सोनी सहित भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती सविता दरगड़, मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, शा. कन्या शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष वत्सला श्रीवास्तव उपस्थित रही। समस्त अतिथियों ने जरूरतमंदो को समय पर रक्त की आवश्यकता की पूर्ति एवं रक्तदान के प्रति आमजनमानस में फैली भ्रांतियों को दूर करने हेतु इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजन के लिए महाविद्यालय परिवार एवं रक्तदाताओ को बधाई दी।



कुल 32 यूनिट रक्तदान - रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापकगणों, कर्मचारियों, एनसीसी, एन.एस.एस. छात्र-छात्राओं सहित नगर के युवाओ ने बढ़चढ कर स्वेच्छा से रक्तदान कर इस रक्तदान शिविर के साक्षी बने। कुल 32 रक्तदाता ने रक्तदान किया जिसमें बी.ए. प्रथम सेमे. की छात्रा व एनसीसी कैडेट प्रियंका सहित गौतम चोपड़ा, नितिन बबलू शांडिल्य, हेमूराम पदमें, भूपेंद्र दास, मोसेस अमोली, मुकेश कुमार साहू, गोकुल प्रसाद, पूर्वेंद्र साहू, प्रजेश सहारे, पवन कुमार, रोशन साहू, बेदप्रकाश साहू, आनंद अग्रवाल, प्रभात बैस, खेमराज वर्मा, कपिल सिन्हा ,युवराज यादव, रूपेश मांडवी, गौतम साहू, देवांश यादव, गोपाल कृष्ण यादव, प्रज्जवल गेडाम, लोकेश्वर, धर्म सिन्हा ,कृष्णा सिन्हा ,प्रियंका, लोकेश सिंह, अरविंद कुमार, बिलास ,तरुण यादव ,धर्मेंद्र कुमार, संजू मंडावी ने रक्तदान किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने इस रक्तदान शिविर आयोजन हेतु रेडरिबन क्लब, एनसीसी एवं एनएसएस ईकाई सहित समस्त रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, अतिथि व्याख्याताओ ने अपनी सेवा दी।

संपादकीय

## संसद में संसद का ख्याल रखा जाना चाहिए

आदमी जब मंदिर जाता है तो उस पता रहता है कि मैं मंदिर में हूं तो वह मंदिर में जो आचरण शोभा देता है, वही आचरण करता है, इससे मंदिर की गरिमा भी बनी रहती है और आदमी की गरिमा भी बनी रहती है। यह आदमी पर निर्भर करता है कि वह अपने आचरण से किसी पवित्र जगह की गरिमा भी बनााए रख सकता है और अपनी गरिमा भी बनाए रख सकता है। मंदिर में यदि कोई गलत आचरण करता है तो उसकी सब निंदा करते हैं क्योंकि मंदिर में गलत आचरण समाज की नजर में निंदनीय है। संसद भी लोकतंत्र का मंदिर है। यहां भी जब कोई सांसद जाता है तो उसे ख्याल रहना चाहिए कि वह संसद जैसी पवित्र जगह में है। यहां उसे उसी तरह का आचरण करना है, जिससे संसद की गरिमा बनी रहे और सांसद की गरिमा भी बनी रहे। कई बार ऐसा होता है कि सांसद होते तो संसद में है लेकिन वह भूल जाते हैं कि वह संसद हैं, वह इस तरह का आचरण करते हैं जैसे वह संसद में नहीं सड़क पर है।जब सांसद संसद में होते हुए भी सड़क पर होने जैसा आचरण करते हैं तो इससे उनकी गरिमा भी कम होती है और संसद की गरिमा भी कम होती है। संसद में कांग्रेस व भाजपा सांसदों के बीच धक्कामुक्की होना निश्चित रूप से सांसदों व संसद की गरिमा कम करने वाला आचरण है। दोनों तरफ से एक दूसरे पर आरोप लगाया गया है कि धक्कामुक्की हमने नहीं की कि दूसरी तरफ से किया गया है। भाजपा के प्रत्यक्षदर्शी सांसदों का कहना है कि वह मकर गेट पर सीढ़ियों पर कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान भाजपा सांसद सीढ़ियो पर थे, कुछ दूर पर कांग्रेस वाले प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान भाजपा नेताओं का बयान है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व उनकी तरफ आए और उनको धक्का देकर संसद के भीतर जाने की कोशिश हुई। इस दौरान राहल गांधी के दिए धक्के से दो भाजपा सांसद गिर गए और घायल हो गए। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर पर चोट लगी है और मुकेश राजपूत घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां सवाल उठता है कि संसद की सीढ़ियों पर तो कई दिन राजनीतिक दल प्रदर्शन करते आ रहे है तो आज ऐसी स्थिति निर्मित क्यों हुई, भाजपा नेताओं का कहना है कि जब कांग्रेस प्रदर्शन करती है तो हमारे उनके प्रदर्शन के बीच नहीं गए इसलिए कभी विवाद और धक्कामुक्की की स्थिति नहीं बनी, शुक्रवार को यह स्थिति इसलिए बनी क्योंकि भाजपा जहां प्रदर्शन कर रही थी वहा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के साथ गए वह नहीं गए होते तो कोई विवाद और धक्का मुक्की नहीं हुई होती। भाजपा सांसदों का कहना है कि रोज कांग्रेस प्रदर्शन करती थी तो भाजपा सासंद किनारे पर संसद के भीतर जाने वाले रास्ते से चले जाते थे, शुक्रवार को कांग्रेस सांसद किनारे से संसद के भीतर जा सकते थे लेकिन वे भाजपा सांसद जहां प्रदर्शन कर रहे थे, वहीं से भीतर धक्कामुक्की कर जाने की कोशिश की तो इस दौरान गिरने से दो भाजपा सांसद घायल हो गए। जब राहुल गांधी को पता चल गया था कि सांसदों के धक्कामुक्की में गिरकर दो सांसद घायल हो गए है, उनको रुककर उनका हाल पूछना था, उनसे माफी मांगनी थी. यह तो सामान्य शिष्टाचार है कि कोई गिर जाता है तो उसे उठाया जाता है, उसकी मदद की जाती है, उसे अस्पताल ले जाया जाता है। राहुल गांधी गए जरूर देखने लेकिन दोनों भाजपा सांसद से माफी नहीं मांगी,वह ऐसा करते तो उनकी सराहना होती कि राहुल गांधी ने कांग्रेस नेताओं की गलती मानी और हाल तो पूछा। राहुल गांधी के बिना माफी मांगे चले जाने से और राहुल गांधी व कांग्रेस की तरफ से यह आरोप लगाए जाने से कि भाजपा वालों ने उनको संसद के भीतर जाने से रोका, धक्का मुक्की की, इसमें कांग्रेस अध्यक्ष खरगे गिर गए घुटनों पर चोट लगी। मामला और बिगड़ गया और भाजपा की तरफ राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत करने पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।वहीं कांग्रेस ने भी शिकायत की लेकिन कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। भाजपा की एक महिला सांसद ने राज्यसभा सभापति से लिखित में शिकायत की है कि राहुल गांधी धक्कामुक्की करते उनके इतने करीब आ गए थे कि वह असहज हो गई थीं।भाजपा ने राहुल गांधी से असंसदीय आचरण के लिए माफी मांगने की मांग की है और इस मुद्दे को लेकर व्यापक स्तर पर प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है। हमेशा कांग्रेस को राहुल गांधी की किसी न किसी गलती के कारण राजनीतिक नुकसान होता है, यह बात सब जानते हैं, इस बार भी राहुल गांधी ने ऐसी गलती कर दी कि कांग्रेस को जो राजनीतिक लाभ मिलना था, वह तो मिला नहीं उल्टे राहुल गांधी व कांग्रेस के खिलाफ देश में यह धारणा बनाने का प्रयास भाजपा ने किया कि वह संसद की गरिमा को बार बार भंग कर रही है, राहुल गांधी व कांग्रेसी सासंद ऐसा आचरण कर रहे हैं जिससे संसद की गरिमा आए दिन कम होती है। कभी सभापति का अपमान किया जाता है, कभी उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का प्रयास किया जाता है। संसद सत्र शुरू होता है तो संसद सत्र चलने नहीं दिया जाता है। यह सब राहुल गांधी की एक जिद के कारण कि अडानी का मुद्दा सबसे बड़ा मुद्दा है। जबकि अडानी के मुद्दे के कारण कांग्रेस को पिछले दस साल में कोई फायदा नहीं हुआ उल्टे विपक्षी दलों के विरोध के कारण कांग्रेस अडानी के मुद्दे पर अकेली हो गई है। फिर भी राहुल गांधी अडानी का मुद्दा छोड़ने को तैयार नहीं है। संसद में धक्कामुक्की होने पर भी राहुल गांधी का कहना है कि भाजपा ने यह सब अडानी के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए किया है। बाबा साहेब के अपमान के मुद्दे पर कांग्रेस व विपक्ष अमित शाह को भाजपा को घेरने की कोशिश कर रहा था, वह इसका लाभ उठा सकता था लेकिन राहुल गांधी और सांसदों के धक्कामुक्की से बाबा साहेब के अपमान का मामला पीछे हो गया है और राहुल गांधी ने दो भाजपा सांसदों को धक्कामुक्की कर घायल कर दिया यह मुद्दा बड़ा मुद्दा हो गया है। दो सांसदों के घायल हो जाने से कांग्रेस की तुलना में भाजपा का पलड़ा भारी हो गया, अब भाजपा आक्रामक है और कांग्रेस को रक्षात्मक होना पड़ गया है।

गंभीर मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# खारिज करने लायक नहीं है सम्भल मंदिर से उपजे सवाल!



यह न तो बांग्लादेश का मामला है न बंटवारे के बाद का पाकिस्तान का इलाका है और न ही हिन्दुओं को पलायन के लिए मजबूर करने के बाद काश्मीर का कोई इलाका है यह उत्तर प्रदेश के संभल का एक मौहल्ले का मामला है जहां कट्टरपंथी तत्वों ने पूर्ववर्ती मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति वाली राज्य सरकारों की ढिलाई के चलते एक मंदिर को ही कब्जा कर बंद कर दिया और उसकी कुछ मूर्तियां खंडित कर कुएं में फेंक दी। यहां 1978 की सांप्रदायिक हिंसा में 184 हिन्दुओं को कत्ल कर दिया गया था और इस मंदिर को कब्जा लिया गया था। जी हां इसी संभल में हाल ही में खोले गए 46 साल पुराने शिव मंदिर से लगातार चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पहले जहां मंदिर में शिवलिंग और हनुमान जी की मूर्ति मिली थी, वहीं अब मंदिर के परिसर में मौजूद कुएं की खुदाई के दौरान मां पार्वती, गणेश जी और कार्तिकेय जी की प्राचीन मूर्तियां मिली हैं।

उत्तर प्रदेश के संभल में मुस्लिम बहुल इलाके में 46 साल पुराने मंदिर का पता चलने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बयान आया है. सीएम ने रविवार को कहा कि संभल में इतना प्राचीन मंदिर क्या रातोरात प्रशासन ने बना दिया? क्या वहां बजरंगबली की इतनी प्राचीन मूर्ति रातों-रात आ गई? मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उन दरिंदों को आज तक सजा क्यों नहीं मिली, जिन्होंने 46 वर्ष पहले संभल में नरसंहार किया था? इस पर चर्चा क्यों नहीं होती हैमालूम हो कि शनिवार को मंदिर का पता चलने के बाद रविवार को पूजा-पाठ किया गया. हिंदू संगठन के लोग मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे. मंदिर में विधि विधान व मंत्रोचारण के साथ पूजा संपन्न होने के बाद आरती की गई। इलाके में बिजली चोरी की चेकिंग के दौरान मंदिर होने की जानकारी सामने आई थी. मस्जिदों और घरों में छापेमारी के दौरान बड़े पैमाने पर बिजली चोरी के खुलासे हुए. लेकिन इसी दौरान शनिवार सुबह पुलिस तब हैरान रह गई जब दीपा राय इलाके में चेकिंग के समय अचानक एक मंदिर मिल गया जो कि सन 1978 का बताया जा रहा है।

46 सालों से बंद पड़ा ये मंदिर सपा सांसद जियाउररहमान बर्क के घर से 200 मीटर की दूरी पर मिला है. मंदिर के अंदर हनुमान जी की प्रतिमा, शिवलिंग और नंदी स्थापित हैं. फिलहाल यहां डीएम और एसपी ने सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की है। संभल के क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी ने कहा कि ये मंदिर कई सालों से है. 1978 में जब दंगा हुआ था तब भी मंदिर यहीं था. यहां सभी को पता है कि दंगे के बाद यहां से हिंदू छोड़कर चले गए थे. मंदिर की जानकारी सामने आने के बाद खुदाई में यहां एक कुआं भी मिला है. इस कुआं को ढका गया था।

मकान बनाकर मंदिर पर कब्जे की बात सामने आई है एडिशनल एसपी श्रीश चंद्र ने बताया, चेकिंग के दौरान पता चला कि कुछ लोगों ने मकान बनाकर मंदिर पर कब्जा कर लिया है. मंदिर की साफ-सफाई करा दी गई है और जिन लोगों ने मंदिर पर कब्जा किया है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. वहां पर मंदिर में भगवान शिव और हनुमान जी की मूर्तियां हैं. किसी समय में इस क्षेत्र में हिंदू परिवार रहते थे और कुछ कारणों से उन्होंने यह क्षेत्र छोड़ दिया था.



'मंदिर के पास स्थित प्राचीन कुआं' पिछले 46 साल की ज्यादती के सबूत उगल रहा है। डीएम संभल राजेंद्र पैंसिया के अनुसार मुस्लिम आबादी के बीचो-बीच बंद पड़े मिले मंदिर के पास एक प्राचीन कुएं के होने के बारे में भी जानकारी मिली. कुएं की खुदाई की जा रही है. मंदिर के आसपास के इलाके में किया गया अतिक्रमण भी ध्वस्त किया जाएगा. आप को बता दें कि जिला प्रशासन द्वारा मंदिर के पुनर्निर्माण के दौरान कुएं की सफाई का काम शुरू किया गया था। इस दौरान मिट्टी हटाने पर ये तीनों मूर्तियां मिलीं। इनमें से एक मूर्ति संगमरमर की है और कार्तिकेय जी की मानी जा रही है। हालांकि, अन्य दो मूर्तियां थोड़ी खंडित अवस्था में मिली हैं। मिली हुई मूर्तियों की प्राचीनता का पता लगाने के लिए पुरातत्व विभाग को सूचित कर दिया गया है। जल्द ही इन मूर्तियों की कार्बन डेटिंग कराई जाएगी ताकि इनकी सही उम्र का पता चल सके। डिप्टी एसपी अनुज चौधरी ने बताया कि मंदिर से मिली सभी मूर्तियों को सुरक्षित रख लिया गया है। कुएं की खुदाई का काम फिलहाल रोक दिया गया है और कुएं को ढक दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस खोज से इतिहासकारों और पुरातत्वविदों के लिए एक नया अध्याय खुल गया है।बताया गया है कि यह मंदिर 1978 से बंद पड़ा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, 1978 में हुए सांप्रदायिक दंगों के बाद से इस मंदिर को बंद कर दिया गया था। मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद इसे 15 दिसंबर को फिर से खोला गया था। लोगों द्वारा आज सोमवार को तीसरे दिन भगवान शिव का जलाभिषेक कर आरती की गई। इसके बाद हनुमान जी की आरती भी की गई। वही मंदिर में भक्तों की भीड़ जुटना भी शुरू हो गई है। संभल की एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया था कि हम विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चला रहे थे और जगह-जगह जाकर चेक कर रहे थे, तो इस स्थान पर भी पहुंचे। यहां पर एक मंदिर दिखाई दिया। इसके बाद मैंने जिलाधिकारी से इस मंदिर को खोलने की अनुमति ली और अब हम सभी लोग इस मंदिर का निरीक्षण करने के लिए यहां आए हैं। मंदिर के अंदर हनुमान जी की मूर्ति और शिवलिंग पाए गए, जिन्हें स्थानीय लोगों ने बताया कि यह मंदिर 1978 से बना हुआ है।

बहरहाल स्पष्ट है कि हिन्दू मुसलिम दंगों के दौरान तत्कालीन राज्य सरकारों की नीति मुस्लिम तुष्टिकरण और हिन्दुओं के साथ दोहरा बर्ताव करने की रही इसी का परिणाम है कि दंगों में इकतरफा ढंग से करीब 184 हिन्दू समाज के लोगों की जान गयी थी और सरकारी अधिकारियों की लापरवाही और लचीला रुख का ही नतीजा है कि मंदिर को बंद कर कुछ मूर्तियां विध्वंस कर जमीन व भवन पर बलात कब्जा कर लिया गया जिसकी कलई अब राज्य सरकार के बिजली चोरों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान खुल कर सामने आयी है।यह वही बाबरी मानसिकता है जो विध्वंस में यकीन रखते हैं दूसरे समुदाय के धार्मिक स्थलों को कब्जाने में यकीन रखते हैं एक मुहल्ले के सौ से अधिक घरों में बिजली लेकिन कनेक्शन सिर्फ एक चेकिंग करने वाले को अराजक तत्वों का सामना करना पड़ता है यही नहीं पांच मजहबी स्थल अवैध बिजली कनेक्शन बांटने का फीडर बतौर इस्तेमाल किए जा रहे थे।क्या कोई धर्म चोरी सीनाजोरी सिखाता है? देखना है कि अब सरकार इस मामले में कितना गंभीर व सख्त कदम उठाने का प्रयास करती है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आएगा। आपके जन समर्थन में इजाफा होगा। जो युवा रोजगार को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है। आपका वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। आपको मानसिक व शारीरिक कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी काम को लेकर यदि आप परेशान चल रहे थे, तो वह भी दूर होता दिख रहा है। आपको अपनी सहयोगियों से मन की बात कहने का मौका मिलेगा।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके परिवार में वरिष्ठ सदस्यों में किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने की कोशिश करेंगे। लव पार्टनर को लेकर आपके मन में यदि कुछ दूरियां आ गई थी, तो वह भी दूर होंगी। आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की आवश्यकता है। आपको किसी बात को लेकर टेंशन नहीं लेनी है। स्वास्थ्य संबंधित यदि कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए आध्यात्म कार्यो से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपको कोई भी अच्छा मौका अपने हाथ से जाने नहीं देना है और अपने कामों में लापरवाही तो बिल्कुल न करें। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। किसी सहयोगी से आपको कोई बड़ी डील फाइनल करने का मौका मिलेगा। आप अपने बिजनेस को बाहर विदेशों तक फैलाने की कोशिश में लगे रहेंगे। साझेदारी में किसी काम को करने से पहले आपको थोड़ा सोच विचार करने की आवश्यकता है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपकी सोच समझ से सभी काम पूरे होंगे। परिवार में किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपको दिखावें के चक्कर में आने से बचना होगा। संतान को किसी पुरस्कार के मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपनी जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है और कार्यक्षेत्र में आप किसी की कहानी सुनी बातों पर भरोसा न करें। संपत्ति को लेकर भाइयों में मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात होगी। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। कामों में व्यस्त रहने के कारण आपको कुछ समस्याएं हो सकती हैं। बिजनेस में यदि आपको किसी डील को फाइनल करने में समस्या आ रही थी, तो वह दूर होगी। आपका मन इधर-उधर के कामों में ज्यादा लगेगा। आपको किसी की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन फिर भी आप उनसे कुछ नहीं कहेंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप अपने दैनिक खर्चों पर पूरा ध्यान दें और आपको यदि किसी काम को लेकर कोई उलझन थी, तो उसे भी दूर करने की कोशिश करें। आप किसी नई प्रॉपर्टी या वाहन की खरीदारी करने की योजना बना सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। यदि आपने किसी से धन का लेनदेन किया, तो इससे आपके आपसी रिश्ते खराब हो सकते हैं। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको अपनी दैनिक गतिविधियों पर पूरा ध्यान देना होगा। किसी सरकारी योजना में आप इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। परिवार में बुजुर्गों का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। किसी प्रॉपर्टी संबंधित मामले में आपको कानून का दरवाजा बजाना पड़ सकता है। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है। जीवनसाथी भी आपसे नाराज रहेंगे। पारिवारिक सदस्यों में समस्याएं बढ़ेंगी।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए बिजनेस में चल रही समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। लेनदेन से संबंधित मामलों में आपको किसी पर भरोसा करने से बचना होगा। आपके अंदर एक नई ऊर्जा विराजमान रहेगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। अविवाहित जातकों के लिए कोई उत्तम विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है, जो युवा रोजगार को लेकर परेशान चल रहे हैं, उन्हें कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा। आपको वाहन खरीदते समय सावधान रहना होगा। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा। आपका यदि कोई काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसे पूरा करने की आपको कोशिश करनी होगी।

मकर- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप अपने पारिवारिक मामलों पर पूरा ध्यान दें। आप कोई निर्णय जल्दबाजी में न लें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लगने से माहौल खुशनुमा रहेगा। कोई सदस्य नौकरी को लेकर यदि परेशान चल रहा था, तो कहीं दूर नौकरी का प्रस्ताव आ सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों को अपने कामों में सूझबूझ दिखा कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। आपका मन धार्मिक कार्य में खूब लगेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में बेहतर रहने वाला है। आपको उनमें अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आप अपने घर के लिए कोई इलेक्ट्रॉनिक वस्तु को लेकर आ सकते हैं। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। आप अपने मन में नकारात्मक विचारों को न रखें, नहीं तो इससे परिवार के सदस्यों के बीच कोई लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है। किसी प्रॉपर्टी के खरीदारी करना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने भाई व बहनों से यदि कोई मदद लेनी होगी, तो वह भी मिल जाएगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने पर खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप नए कामों को करने के लिए योजना बना सकते हैं। आप अपनी संतान के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, जिससे आपको यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। माता-पिता आपको कोई खुशखबरी दे सकते हैं। आपको अपने बिजनेस में किसी पर भरोसा करने से बचना होगा, नहीं तो वह आपके साथ विश्वासघात कर सकता है।

## सिस्टम की सवारी, जनता की बेजारी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

किसी ने सही कहा है, ₹नेताओं का सबसे बड़ा काम यह है कि वे जनता की आँखें जनता के द्वारा फुड़वाते हैं।₹ और यह काम हमारे सच्चे नायक, श्रीमान रामानंद जी ने बखूबी किया। वह एक राजनेता नहीं, बल्कि एक 'मसीहा' थे। उनके पास हर समस्या का समाधान था–बस उसे किसी न किसी तरीके से 'घुमा-फिरा' कर पेश करना होता था। रामानंद जी का कार्यक्षेत्र बड़ा था, हालांकि यह कार्यक्षेत्र केवल उन्हीं के घर तक सीमित था। उनका बड़ा आदर्श वाक्य था, ₹हम जो कहें, वही सच है। और सच को समझने के लिए हमें हमेशा थोड़ी देर रुककर उसका पुनः मूल्यांकन करना चाहिए।₹ इस वाक्य को सुनकर तो लोग चकरा जाते थे, लेकिन इसका मतलब बहुत गहरा था, यह वही बानी थी, जिससे लोग उन्हीं को समझते थे, बिना समझे। एक दिन रामानंद जी अपने कार्यलय में व्यस्त थे। उनके पास कुछ बेहद महत्वपूर्ण मुद्दे थे–मसलन, सड़क के गड्ढे भरवाने का निर्णय और नल के पानी को इतना साफ करने का ऐतिहासिक निर्णय, जिससे लोग उसका रंग देख सकें। इन मुद्दों के साथ वे एक बेहद अहम बैठक करने वाले थे। पर एक अजीब घटना हुई, जो ना तो रामानंद जी की योजना का हिस्सा थी, और ना ही किसी के लिए सहज रूप से समझी जा सकती थी। दरअसल, रामानंद जी के पास एक फाइल आई थी, जो एक नई सड़क के निर्माण से संबंधित थी। सड़क की डिजाइन इतनी अद्भुत थी कि किसी को समझ में ही नहीं आ रहा था कि यह सड़क किसे जोड़ी जाए–क्या यह स्कूल के बच्चों के लिए थी, या फिर वो रास्ता था, जिस पर राजनेताओं के काफिले को तेजी से गुजरना था। जैसे ही फाइल पर एक नजर डाली, रामानंद जी ने कहा, ₹ये सड़क तो हमें खुद बनाने की जरूरत नहीं है, ये तो खुद बनाई जाएगी। और फिर, जैसे ही बैठक खत्म हुई, एक नया फॉमूर्ला सामने आयाः ₹जनता के मुद्दे पर इतना विचार करने की कोई जरूरत नहीं, अगर उनके पास सड़क नहीं है, तो चलने का क्या फायदा।₹ इस महान विचार को सुनकर उनके सभी कर्मचारी भौंचक्के रह गए, लेकिन वे जानते थे कि यह एक गहरी राजनीति का हिस्सा था। इसी बीच, रामानंद जी की टीम ने एक नया विकास कार्यक्रम प्रस्तुत किया–₹भारत स्मार्ट बनेगा, अगर हम इसे थोड़ा और स्मार्ट बना लें।₹ यह विचार उन्होंने खुद ही खड़ा किया था, और अब इसे लागू करने का वक्त था। इसका पहला कदम था 'स्मार्ट वॉटर सप्लाई'। स्मार्ट वॉटर सप्लाई का मतलब था कि पानी में कुछ न कुछ ऐसी सामग्री मिलाई जाएगी, जिसे पीकर लोग खुद को स्मार्ट महसूस करेंगे, और उनकी अज्ञानता भी घट जाएगी। पानी में कुछ जड़ी-बूटियों का मिश्रण करने के लिए एक वैज्ञानिक को नियुक्त किया गया, जो इस उपक्रम में सफलता पाने के लिए न जाने कितनी रातें जागता रहा। अंततः, जब पानी का टेस्ट हुआ, तो लोग इसको पीने के बाद, स्मार्ट तो क्या, अपनी नाक से ही परेशान हो गए। रामानंद जी के दृष्टिकोण में परिवर्तन आ चुका था। अब उन्होंने एक नया कदम उठाया–'जनता की शिकायतें दूर करना'। इस उद्देश्य के लिए उन्होंने एक विशाल कंट्रोल रूम स्थापित किया, जहां सभी शिकायतें दर्ज की जाती थीं। यह कंट्रोल रूम इतना बड़ा था कि किसी भी शिकायत को पंजीकरण से पहले, उन पर सिर्फ एक लकीर खींची जाती थी। रामानंद जी ने इसका नाम दिया ₹लकीरी व्यवस्था₹। इसके बाद, किसी भी शिकायत के समाधान से पहले, वे शिकायतकताओं को बुलाकर एक प्रेरक भाषण देते थे, ताकि वे समझ सकें कि आखिर क्यों उनकी समस्या इतनी महत्वपूर्ण नहीं है। यह तरीका बड़ा कारगर साबित हुआ, क्योंकि अब शिकायतें आई ही नहीं। एक दिन रामानंद जी के सामने एक और समस्या आई–विकास कार्यों के लिए धन की कमी। पर वे निराश नहीं हुए। ₹धन की कमी से कोई फर्क नहीं पड़ता,₹ उन्होंने कहा, ₹हमारे पास हर समस्या का समाधान है, बशर्ते उसे सही तरीके से घुमाया जाए।₹ और फिर, उन्होंने 'विकास की गति' को धीमा कर दिया। यह तरीका इतना सटीक था कि अब सब कुछ स्थिर था–न कोई सड़क बन रही थी, न कोई पानी साफ हो रहा था, लेकिन सब लोग बहुत खुश थे। आखिरकार, रामानंद जी ने एक और बेमिसाल घोषणा कीः ₹हम विकास के नाम पर किसी भी उन्नति की जरूरत नहीं समझते। हम जो हैं, उसी में खुश हैं।₹ यह घोषणा सुनकर जनता भी खुश हो गई। अब वे विकास के बारे में चिंता नहीं करते थे, क्योंकि रामानंद जी का भरोसा था–जिसे जो चाहिए, वो यही कर सकता है। और इस तरह, रामानंद जी ने अपने कार्यकाल को सफलतापूर्वक पूरा किया, बिना किसी परिणाम के। यह कहानी एक सच्चे नेता की है, जो सच में जानता था कि कैसे झूठ को इतने सफाई से पेश किया जाए कि वह सच जैसा लगे।



(सम-सामयिक)

# तार-तार लोकतंत्र



हाल ही में शीतकालीन सत्र में संसद में(बाहर और भीतर) जो हुआ, उससे लगता है कि संसद की गरिमा खतरे में है। यह विडंबना ही है कि संसद परिसर में धक्का-मुक्की और हाथापाई तक की नौबत आ गई। बहुत ही दुखद है कि धक्का मुक्की और हाथापाई में सांसदों को आईसीयू तक में भर्ती कराना पड़ा। वास्तव में यहां यह मानना कठिन है कि यह धक्का-मुक्की अनजाने में हुई। नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि उन्हें संसद में प्रवेश करने से रोका गया। वो धक्के की बात से अस्वीकार कर रहे हैं। विपक्ष बाबा साहेब के अपमान पर माननीय गृह मंत्री से इस्तीफा की मांग कर रहा है और बाबा साहेब के अपमान पर माफी मांगने की बात कह रहा है। वहीं दूसरी ओर सत्ता पक्ष ने भी विपक्ष पर आरोप लगाए हैं। मसलन, यह कहा है कि नेता प्रतिपक्ष का घटना के बाद भी अहंकार नहीं टूटा है। नेता प्रतिपक्ष खुद को कानून से ऊपर समझते हैं, उन्होंने यह भी कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जानबूझकर सत्ता पक्ष के सांसदों के बीच पहुंचे और धक्का मुक्की ही नहीं गुंडागर्दी भी की। सत्ता पक्ष ने यहां तक कह दिया है कि नेता प्रतिपक्ष, नेता प्रतिपक्ष बनने के लायक नहीं है। बहरहाल, संसद में जो कुछ भी हुआ है वह शर्मनाक होने के साथ ही बहुत ही दुखद भी है। संसद की प्रतिष्ठा और गरिमा का हनन हमारे देश और समाज की प्रतिष्ठा और छवि पर भी निश्चित ही असर छोड़ता है। संसद देश और समाज के विभिन्न मुद्दों पर तार्किक बहस और कानून निर्माण के लिए बनी है, न कि लड़ाई-झगड़े, आपसी विवाद, धक्का मुक्की और हाथापाई के लिए। लोकसभा में विपक्ष के नेता पर पुलिस ने मामला भी दर्ज कर लिया है। क्या यह चिंतनीय और संवेदनशील नहीं है कि संसद अब विवाद और आरोप-प्रत्यारोप की जगह बनती जा रही है ? पता नहीं सत्ता पक्ष और विपक्ष के आरोपों में कितनी सच्चाई है, लेकिन इसमें कोई भी संदेह नहीं कि उक्त घटना संसद ही नहीं, पूरे देश को शर्मशार करने वाली है। राजनीति का स्तर इतना ओछा व तुच्छ नहीं होना चाहिए कि ?वह मयार्दा विहीन दिखने लगे। सच तो यह है कि आज राजनीति का स्तर दिन-ब-दिन गिरता ही चला जा रहा है। आज आलोचना का कोई तरीका नहीं रहा। आलोचना करने का भी एक गरिमामयी तरीका होता है, मयार्दा होती है। कहना गलत नहीं होगा कि आज संसद में आलोचना और निंदा, चर्चा और अपमान में कोई अंतर दिखाई नहीं पड़ रहा है। कहना गलत नहीं होगा कि आज सांसदों में आपसी राजनीतिक कटुता लगातार पनपनी चली जा रही है और इसकी बेल लगातार और अधिक जहरीली होती चली जा रही है। विभिन्न मुद्दों पर चचाओं का भी एक शालीन और सभ्य तरीका होता है। सदन में बात पूरे सलीके और एक दूसरे के सम्मान, आदर-सत्कार के साथ रखी जाती है। यह ठीक है कि आलोचना में, देश और समाज के मुद्दों पर आपसी बहस में हल्की-फुल्की तकरार, हल्का-सा गुस्सा, तेवर कभी-कभार संभव हो सकते हैं लेकिन तकरार और गुस्से का यह मतलब तो कतई नहीं है धक्का-मुक्की, हाथापाई तक की ही नौबत आ जाए। राजनेताओं को यह बात याद रखनी चाहिए कि मयार्दा विहीन राजनीति हमेशा केवल धिक्कार की ही पात्र होती है। यह शर्मनाक है कि डा. अंबेडकर के नाम पर पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे को कोसने में लगे हुए हैं? और संविधान के नाम पर होने वाली चर्चा भी आज अपने निम्न स्तर पर चली गई है, जिसमें पक्ष रखने की बजाय एक-दूसरे को बदनाम करने की ओर रुझान ज्यादा है। सच तो यह है कि आज आपसी विचार-विमर्श, संवाद की परिभाषा तो जैसे ही समाप्त हो गई है। सच तो यह है कि आज राजनीति और राजनेता अपने छिछले स्तर पर आ गए हैं। एक समय था जब राजनीति और राजनेताओं की अपनी गरिमा और प्रतिष्ठा थी, अब ऐसा लगता है कि यह धीरे-धीरे धुमिल सी होती चली जा रही है। इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि आज राजनेता अपने चूल्हे के नीचे आंच सरकाने से वास्ता रखने लगे हैं, राष्ट्र और समाज से उन्हें कोई लेना-देना नहीं। सांसदों के बीच कटुतापूर्ण और शत्रुतापूर्ण संबंध लोकतंत्र के लिए सही नहीं ठहराये जा सकते हैं। ऐसा होना भारतीय लोकतंत्र के लिए बहुत ही खतरनाक है। आज हम दुनिया का विशालतम लोकतंत्र कहलाते हैं लेकिन विशालतम लोकतंत्र में यदि ऐसी घटनाएं घटित होती हैं तो क्या यह विश्व पटल पर हमें और हमारे देश को शर्मशार नहीं करता है ? आज संसदीय वातार्लाप बहुत ही निम्न स्तर का , अभद्र और अशोभनीय हो गया है।

यह पहली बार नहीं है जब संसद में ऐसी स्थितियां (हाथापाई, धक्का मुक्की) पैदा हुईं हैं। इससे पहले भी भारत में संसद और राज्य विधानसभाओं में कई बार झड़प की घटनाएं हो चुकी हैं और इस वजह से कई बार अप्रिय स्थिति पैदा हो चुकी है। बहुत समय पहले तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने सदन में हुई घटनाओं को ₹निंदनीय₹ बताते हुए चेतावनी दी थी कि अगर ऐसी घटनाएं दोहराई गईं तो 'सबसे कठोर कार्रवाई' की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 24 नवंबर 2009 को राज्यसभा में अमर सिंह और भाजपा के अहलूवालिया में हाथापाई हो गई थी। 5 सितंबर 2012 को राज्यसभा में एससी, एसटी कोटा बिल पेश किए जाने के दौरान बीएसपी सांसद अवतार सिंह और एसपी सांसद नरेश अग्रवाल के बीच हाथापाई हुई।13 फरवरी 2014 को आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक पर भारत की संसद में बड़े पैमाने पर हुए झगड़े ने अध्यक्ष को कक्ष से भागने पर मजबूर कर दिया और कई सांसदों को अस्पताल ले जाया गया। संसद ही नहीं राज्य विधानसभाओं में भी ऐसी घटनाएं हुईं जिन्होंने शर्मसार किया। मसलन बहुत समय पहले जनवरी 1988 में तमिलनाडु विधानसभा में माइक और कुर्सियों का फेंका जाना,26 मार्च 1989 को जयललिता और करुणानिधि के विधायकों के बीच हिंसा भड़क जाना,16 दिसम्बर 1993 को यूपी विधानसभा में 33 विधायकों का घायल हो जाना,21 अक्टूबर 1997 को यूपी विधानसभा में ही पेपरवेट, फर्नीचर चलने पर 50 सदस्यों का घायल हो जाना,11 दिसंबर 2012 को पश्चिम बंगाल विधानसभा हाथापाई, 2013 में तमिलनाडु विधानसभा में बागी विधायकों के साथ हाथापाई,

**13 मार्च 2015 को केरल विधायकों द्वारा कुर्सियां तोड़ना, माइक को फेंकना और मेजों पर चढ़ना,** 18 फरवरी 2017 को तमिलनाडु विधानसभा में राज्य के लोगों के चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा हिंसा और बर्बरता की घटनाएं,14 मार्च 2018 को गुजरात विधानसभा में थप्पड़ व लात-घूंसे चलना के अलावा हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र , पश्चिमी बंगाल और जम्मू-कश्मीर विधानसभा की घटनाओं ने समाज और देश को शर्मशार किया। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि भारतीय संविधान ने हमें उच्च मानवीय और राजनीतिक संस्कृति प्रदान की है।

संविधान सरकारों को समाज और देश को दिशा दिखाने का कार्य करता है। भारतीय संविधान में संसदीय प्रणाली के प्रमुख तत्व विद्यमान है। यह विडंबना ही है कि आज उसी संविधान के नाम पर एक-दूसरे को नीचा दिखाने का खेल शुरू हो गया है। असल में संविधान विभिन्न सिद्धांतों और नियमों का समूह है, जो शासन की मयार्दा, स्वरूप और उद्देश्य को स्पष्ट करता है। लोकतंत्र में संविधान की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। कहना गलत नहीं होगा कि हमारे देश का संविधान आपसी तालमेल, सहयोग, सह-अस्तित्व, समानता और आपसी संवाद(इंटरेक्शन) की बुनियाद है। संविधान बिना देश कुछ भी नहीं। यह देश का संविधान ही है जो नागरिकों में विश्वास जगाता है। संसद में जो कुछ भी हुआ है, वह बहुत ही निंदनीय और देश को शर्मसार करने वाला है। ईश्वर संसद को चलाने वालों को सद्बुद्धि दे।

## एक नजर

### निर्वाचन प्रचार-प्रसार सामग्री के मानक दर निर्धारण हेतु 26 दिसम्बर को होगी बैठक

**जगदलपुर 21 दिसंबर ।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के तहत नगर पालिक निगम, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के आम निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा सभा, रैली एवं प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का समीक्षा नियमानुसार अधिकृत अभिकर्ताओं द्वारा किया जाना है। अभ्यथियों द्वारा जो व्यय लेखा समय-समय पर नियमानुसार प्रति तीन दिवस के अंतराल में निरीक्षण हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त व्यय लेखा का मिलान निगरानी करने वाले अधिकारी के प्रतिवेदन से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त निर्वाचन प्रेक्षक भी निर्वाचन व्यय की समय-समय पर समीक्षा करेंगे तथा अभ्यर्थियों एवं उनके अधिकृत अभिकर्ताओं की उपस्थिति में भी समीक्षा की जाएगी। अतएव विभिन्न सामग्रियों की मूल्य सूची अनुसार व्यय की जानकारी मानक दर में उल्लेखित दर अनुसार एकरूपता होना आवश्यक है। इसलिए मानक दर निर्धारण के संबंध में 26 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे जिला कार्यालय जगदलपुर के आस्था हॉल में बैठक आयोजित किया गया है। उक्त बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण से सक्षम बन रही मटनार की उत्पादक समूह की दीदियां

**जगदलपुर 21 दिसंबर ।** बस्तर जिले के विकासखण्ड बकावंड अंतर्गत मटनार की महिला स्व सहायता समूह की दीदियां गांव और समीपस्थ हाट-बाजार में वनोपज संग्रहण करने के साथ ही उसका प्रसंस्करण कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। इस उत्पादक समूह की सदस्य महिलाएं अपने इस कार्य को पूरी लगन एवं मेहनत से कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने की ओर अग्रसर हैं। उत्पादक समूह की दीदी रेखा पांडे बताती हैं कि अपने गांव तथा आसपास के हाट-बाजार में विभिन्न समूह सदस्यों के द्वारा ईमली एवं मक्का उत्पादन का कार्य किया जाता है इसलिए उपरोक्त उत्पाद को खरीदी-बिक्री करने के लिए कृषक कल्याण उत्पादक समूह का गठन किया गया। उक्त उत्पादक समूह बनाने के पश्चात एनआरएलएम से कार्यशील पूंजी के रूप में करीब डेढ़ लाख रुपए की राशि प्रदाय किया गया, इस पूंजी से उत्पादक समूह के द्वारा इस साल ईमली सीजन में कुल 450 क्विंटल ईमली 13 लाख 50 हजार रुपए में खरीदे और इसे फूल ईमली बनाकर जगदलपुर के व्यवसायी को विक्रय किए तो करीब 04 लाख रुपए का फायदा हुआ। जिससे समूह की महिलाएं उत्साहित होकर अब हर साल से ईमली सीजन में ज्यादा से ज्यादा ईमली क्रय करने की ठानी हैं। वहीं अन्य वनोपज उत्पाद और कृषि उत्पाद मक्का, तिलहन इत्यादि का क्रय-विक्रय कर रही हैं। जिससे महिला समूह की आमदनी में इजाफा हो रहा है।

### जिले में अब तक 99 हजार मेट्रिक टन से ज्यादा धान की खरीदी

**जगदलपुर 21 दिसंबर** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत अब तक 99 हजार मेट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई है। वहीं उपार्जित धान का उठाव सुनिश्चित किया जा रहा है। वर्तमान में जिले के धान खरीदी केन्द्रों से 10 हजार मेट्रिक टन से ज्यादा धान का उठाव किया जा चुका है। ज्ञात हो कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत मोटा धान 2300 रुपए प्रति क्विंटल और पतला धान 2320 प्रति क्विंटल की दर से खरीदी किया जा रहा है। इस वर्ष समूचे प्रदेश के सभी जिलों में 14 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ हुई है।

जिले में कुल 79 उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत 52383 कृषकों से धान खरीदी किया जाना है। इस वर्ष लघु एवं सीमांत कृषकों को दो टोकन और बड़े कृषकों को तीन टोकन का प्रावधान है। टोकन ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यम से किसानों को प्रदान किया जा रहा है। कृषक ऐप टोकन तुंहर हाथ के माध्यम से भी कृषक स्वयं टोकन जारी कर सकते हैं। सभी उपार्जन केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक कांटा, मॉइस्चर मीटर, बॉयोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध है। सभी धान खरीदी केंद्रों में नये और पुराने बारदानों की पूरी व्यवस्था की गई है। कृषकों की सुविधा हेतु सभी उपार्जन केंद्रों में छाया और पेयजल, शौचालय तथा बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला विपणन अधिकारी जगदलपुर ने बताया कि जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों का नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित तौर पर निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही अन्य अधिकारियों द्वारा धान खरीदी की मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन सभी धान खरीदी केन्द्रों पर किसानों को धान उपार्जन हेतु पर्याप्त बारदाने की उपलब्धता सहित तौल की व्यवस्था मुहैया कराई जा रही है। वहीं अभी बारिश की संभावना के मद्देनजर उपार्जित धान को कैप कव्हर कर सुरक्षित रखे जाने के निर्देश सभी धान खरीदी केन्द्र प्रभारियों को दिए गए हैं। जिले में कुल 52383 पंजीकृत किसानों में से अब तक 17656 किसानों से धान खरीदी की गई है। जिले के 79 उपार्जन केन्द्रों में 99718 मेट्रिक टन धान का उपार्जन कार्य किया जा चुका है। वहीं अभी तक उपार्जन केन्द्रों से 23756 मेट्रिक टन धान का परिवहन आदेश एवं डीओ जारी किया जा चुका है, जिसके विरूद्ध मिलर्स एवं परिवहनकर्ताओं द्वारा कुल 10762 मेट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। जिले में कुल 29 मिलर्स द्वारा एग्रीमेंट किया गया है। मिलर्स द्वारा डीओ जारी कर धान का उठाव किया जा रहा है।

### आड़ावाल में 23 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**जगदलपुर 21 दिसंबर ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र आड़ावाल जगदलपुर में 23 दिसम्बर सोमवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी प्रतिष्ठान रायपुर हेतु नेटवर्क इंजीनियर के कुल 50 पदों हेतु योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उक्त पद हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता बीसीए, एमसीए, बीएससी आईटी और एमएससी आईटी होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को बस्तर संभाग के अंतर्गत नियुक्त किया जाएगा।

# रात में हाइवे के बीचों बीच पलटा अवैध रेत परिवहन में लगा हाईवा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा,21 दिसंबर ।** शुक्रवार रात्रि में अवैध रेत के परिवहन में लगी एक हाईवा ट्रक चारामा के समीप ग्राम मचांदूर में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के बीचों बीच अनियंत्रित होकर पलट गई । आधी रात को सड़क के बीच में पलटी हुई रेत से भरी हाईवा ट्रक ने रायपुर से जगदलपुर जाने वाले कई लोगों की जान जोखिम में डाल दी । हाईवे पर घना अंधेरा होने के कारण कई मुसाफिर रात मे गंभीर दुर्घटना के शिकार होते बाल बाल बचे हैं । जिसके बाद आनन फानन में रात मे ही हाईवा ट्रक और सड़क पर गिरी हुई रेत को उठाकर सड़क के किनारे रख दिया गया है । चारामा क्षेत्र में रात भर धड़ल्ले से आसपास की सभी नदियों से रेत चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय हो जाते है और पुरे रात भर में नदियों से सैकड़ों ट्रक रेत की चोरी कर बड़े शहरों में उंचे कीमतों पर सप्लाई कर दी जाती है । रेत के अवैध खनन को रोकने स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से मांग भी की है । लेकिन अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन ग्रामीणों की एक भी शिकायत सुनने को तैयार नही है । बल्कि सूत्रों से पता चल रहा है कि चारामा अंचल के रेत माफिआओं के द्वारा रेत पर कार्यवाही करने वाले सभी अधिकारियों को बड़े पैकेज देकर कार्यवाही करने से रोक दिया जाता है । रात मे अवैध रेत की सप्लाई के दौरान अनियंत्रित होकर पलटी हुई हाईवा ट्रक रात मे होने वाली रेत चोरी और प्रशासन से मिली भगत होने का जीता जागता उदाहरण है । अब देखना यह है कि रात में रेत के अवैध कारोबारियों और लोगों की जान को जोखिम में डालने वालों पर प्रशासन किस प्रकार की कार्यवाही करते हैं ।

# जल जीवन मिशनः नवागावड़ेगांव, जुनानवागावड़ेगांव और घुमर में मिल रहा शुद्ध पेयजल, ग्रामीणों की बुझ रही प्यास



**कांकेर 21 दिसम्बर ।** मुख्यमंत्री के मंशानुरूप प्रत्येक घरों में जल जीवन मिशन अंतर्गत शुद्ध पेयजल प्रदाय करने की मुहिम बहुत ही कारगर साबित हो रही है। इसी कड़ी में जिले के कोयलीबेडा विकासखण्ड के ग्राम जुनानवागावड़ेगांव तथा अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम नवागावड़ेगांव और घुमर में ग्राम सभा का आयोजन कर हर घर जल उत्सव मनाया गया और ग्रामों को प्रमाणीकरण किया गया।

कोयलीबेडा विकासखण्ड के ग्राम जुनानवागावड़ेगांव में हर घर जल उत्सव आयोजित कर ग्राम को प्रमाणीकरण किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। उन्होंने इस योजना को सुचारू रूप से सफलता पूर्वक चलाने को कहा ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति हो सके। उनके द्वारा जल जीवन मिशन योजना की संपूर्ण जानकारी देते हुए पाईप लाईन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करते हुए साफ-सफाई रखने की जानकारी दी गई। साथ ही जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति तथा ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के लिए प्रेरित किया गया।

नवागावड़ेगांव और घुमर बना हर घर जल प्रमाणित ग्राम

अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम नवागावड़ेगांव और घुमर में भी ग्रामसभा आयोजित कर हर घर जल उत्सव मनाया गया और प्रमाणीकरण किया गया। नवागावड़ेगांव और घुमर के ग्रामीणों में अपने घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचने से खुशी की लहर है। उनका कहना है कि गांव में एक-दो जगह नलकूप होने से पानी भरने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता था। अब घरो-घरों शुद्ध पानी मिलने से नलकूप में पानी भरने लाईन लगाने से लेकर समय की बचत हो रही है। जल जीवन मिशन के तहत ''हर घर नल, हर घर जल'' योजना संचालित की जा रही है, इसके लिए राज्य शासन और जिला प्रशासन को आभार प्रकट किए हैं।

### अब तक 84475 किसानों से 451951.8 टन धान खरीदा गया

**महासमुंद 21 दिसंबर ।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान सुचारू रूप से जारी है। नोडल अधिकारी श्री अविनाश शर्मा ने बताया कि 19 दिसम्बर तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 84475 किसानों से 451951.8 टन धान खरीदा गया, जिसकी राशि 1033 करोड़ 48 लाख रुपए किसानों को वितरित की गई। उन्होंने बताया कि जिले के उपार्जन केन्द्रों में एक करोड़ 61 लाख 52 हजार 951 बारदाना प्राप्त हुआ है। जिसमें 83 लाख 92 हजार 758 नया बारदाना है। 58 लाख 63 हजार 42 बारदाना मिलर से प्राप्त, 15 लाख 52 हजार 19 पीडीएस से प्राप्त तथा किसानों से 3 लाख 45 हजार 132 बारदाना प्राप्त हुआ है। एक करोड़ 17 लाख 84 हजार 552 बारदाने का उपयोग उपार्जन केन्द्रों में किया जा रहा है।

# भूतपूर्व सैनिकों व परिजनों की बेहतरी के लिए जिला प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगाः कलेक्टर




**कांकेर 21 दिसम्बर ।** मुख्यमंत्री के मंशानुरूप प्रत्येक घरों में जल जीवन मिशन अंतर्गत शुद्ध पेयजल प्रदाय करने की मुहिम बहुत ही कारगर साबित हो रही है। इसी कड़ी में जिले के कोयलीबेडा विकासखण्ड के ग्राम जुनानवागावड़ेगांव तथा अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम नवागावड़ेगांव और घुमर में ग्राम सभा का आयोजन कर हर घर जल उत्सव मनाया गया और ग्रामों को प्रमाणीकरण किया गया।

कोयलीबेडा विकासखण्ड के ग्राम जुनानवागावड़ेगांव में हर घर जल उत्सव आयोजित कर ग्राम को प्रमाणीकरण किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल हर घर जल के संचालन, संधारण, प्रबंधन एवं सतत क्रियाशील बनाए रखने की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। उन्होंने इस योजना को सुचारू रूप से सफलता पूर्वक चलाने को कहा ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति हो सके। उनके द्वारा जल जीवन मिशन योजना की संपूर्ण जानकारी देते हुए पाईप लाईन, टंकी, घरेलू नल कनेक्शन का सदुपयोग करते हुए साफ-सफाई रखने की जानकारी दी गई। साथ ही जल बहिनी, पंप आपरेटर, प्लंबर, हेल्पर और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति तथा ग्राम वासियों को अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के लिए प्रेरित किया गया।

**नवागावड़ेगांव और घुमर बना हर घर जल प्रमाणित ग्राम**

अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम नवागावड़ेगांव और घुमर में भी ग्रामसभा आयोजित कर हर घर जल उत्सव मनाया गया और प्रमाणीकरण किया गया। नवागावड़ेगांव और घुमर के ग्रामीणों में अपने घरों में शुद्ध पेयजल पहुंचने से खुशी की लहर है। उनका कहना है कि गांव में एक-दो जगह नलकूप होने से पानी भरने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता था। अब घरो-घरों शुद्ध पानी मिलने से नलकूप में पानी भरने लाईन लगाने से लेकर समय की बचत हो रही है। जल जीवन मिशन के तहत ''हर घर नल, हर घर जल'' योजना संचालित की जा रही है।

# बस्तर कमिश्नर ने जिले के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर ली योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी



**कांकेर 21 दिसम्बर ।** बस्तर सम्भाग के सम्भागायुक्त श्री डोमन सिंह आज जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने नगर के अलबेलापारा में स्थित कांजी हाउस, संजयनगर वार्ड के गौठान, ग्राम कुलगांव और कोमलपुर में जलजीवन मिशन के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सम्भागायुक्त श्री सिंह ने जिले के प्रवास के दौरान सबसे पहले नगर के अलबेलापारा वार्ड में स्थित कांजी हाउस का निरीक्षण किया तथा मवेशियों के लिए चारे एवं पानी की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध कराने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए। इसके पश्चात वे संजयनगर वार्ड स्थित गौठान पहुंचे, जहां पर उन्होंने समुचित एवं मूलभूत व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। संभागायुक्त ने कहा कि गली-मोहल्लों और सड़कों पर मवेशी होने से अनेक दुर्घटनाएं होती हैं, जिससे जान-माल की काफी हानि होती है। उन्होने स्पष्ट तौर पर कहा कि आवारा पशु सड़कों पर नहीं, कांजी हाउस और गौठानों में दिखना चाहिए। इसके बाद कमिश्नर मेडिकल कॉलेज नंदनमारा में जाकर वहां आयोजित प्रबंधकारिणी समिति की बैठक में सम्मिलित हुए। इस दौरान कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर भी मौजूद रहे। समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 का मदवार बजट प्रावधान, स्वशासी के आय-व्यय का ब्यौरा सहित विभिन्न एजेन्डों पर चर्चा की गई। बैठक में कमिश्नर ने निर्देशित किया कि संस्था स्तर के कार्यों का वित्तीय अनुमोदन संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा किया जाना चाहिए, जबकि उच्च स्तर के प्रशासकीय एवं वित्तीय अनुमोदन नियमतः उच्चाधिकारी के माध्यम से कराया जाए। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज की डीन ने एजेण्डावार कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी।

**सुशासन सप्ताह में सरकार के कार्यों को आम जनता तक पहुंचाएंः कमिश्नर**

कांकेर जिला प्रवास के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने जिला मुख्यालय से लगे ग्राम गढ़पिछवाड़ी में जाकर समूह की महिलाओं से प्रतिक्रिया लेकर उनके कार्य एवं आय के जरिए की जानकारी ली। इस दौरान बिहान के तहत विभिन्न स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि समूह से जुड़कर किस तरह उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनीं। इस दौरान जनपद पंचायत कांकेर के डीपीएम ने बताया कि जेण्डर कैम्पेन 3.0 के तहत अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके तहत घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की काउंसिलिंग कर उन्हें रोजगारमूलक, सृजनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाता है तथा कानूनी अधिकारों की जानकारी भी दी जाती है। कमिश्नर श्री सिंह को जानकारी देते हुए बताया गया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत गांवों में कैम्प लगाकर ग्रामीणों का राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड आदि बनाया जा रहा है। इसके अलावा महिलाओं एवं स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा रैली निकालकर योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा शपथ भी दिलाई जा रही है। इस अवसर पर कमिश्नर ने समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन करके आम जनता तक उनका लाभ पहुंचाना ही सुशासन है। उन्होंने कहा कि महिलाएं नवाचारी गतिविधियों में संलग्न होकर स्वयं आत्मनिर्भर बनें तथा दूसरों को प्रेरित भी करें।

जल जीवन मिशन के कार्यों की जमीनी हकीकत से हुए रूबरूइसके उपरांत कमिश्नर ने ग्राम कुलगांव में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-जल योजना की जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने हितग्राही के घर जाकर पेयजल की उपलब्धता के बारे में पूछा, जिस पर हितग्राही ने बताया कि प्रतिदिन सुबह-शाम दो-दो घंटे टेप नल के माध्यम से नियमित पानी मिलता है, जो स्वच्छ और पर्याप्त है। इसके उपरांत सिंगल विलेज योजनांतर्गत नलकूप खनन कार्य का मौके पर अवलोकन किया, साथ ही समीप के स्कूल में जाकर अवलोकन करते हुए किचन गार्डन को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराने के निर्देश कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए।

# केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी से बस्तर सांसद महेश कश्यप मिले



**जगदलपुर, 21 दिसंबर।** दिल्ली प्रवास के दौरान आज बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी से मुलाकात की है। बस्तर सांसद ने इस दौरान केंद्रीय मंत्री को धमतरी से जगदलपुर फोर लाइन की स्वीकृति हेतु स्मृती चिन्ह भेंट कर बधाई दी है। बस्तर सांसद ने 30 जगदलपुर से नगरनार को जोड़ने के सम्बंध में चर्चा की है। जगदलपुर से सुकमा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 को फोरलेन बनाने की मांग भी बस्तर सांसद ने केंद्रीय मंत्री से की है। 63 को जगदलपुर नगर से जोड़ने की सौगात प्रदान करने का आग्रह श्री कश्यप ने किया है। जगदलपुर शहर के प्रवेश द्वार महाराणा प्रताप चौक में हो रहे बड़े एक्सीडेंट को देखते हुए महाराणा प्रताप चौक में फ्लाई ओवर स्वीकृति करने का आग्रह केंद्रीय मंत्री से सांसद किया है।

# आर्ट ऑफ लिविंग मना रहा है विश्व ध्यान दिवस

**जगदलपुर, 21 दिसंबर।** संयुक्त राष्ट्र ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस मनाने की घोषणा की है, इसी के तर्ज पर आर्ट ऑफ लिविंग बेंगलुरु के प्रणेता विश्व प्रसिद्ध गुरुदेव श्री रविशंकर जी को सत्र लेने के लिए ठुद्बह्लद्गस्र ठुद्दह्लद्बश्ठु आमंत्रित किया है,इसी कड़ी में पूरे देश में आर्ट ऑफ लिविंग टीचर और वॉलिंटियर्स के द्वारा विश्व ध्यान दिवस अपने-अपने तरीके से मनाया जा रहा है, जगदलपुर में भी में विभिन्न जगह पर आर्ट ऑफ लिविंग के ध्यान और हैप्पीनेस के प्रशिक्षकों द्वारा,21 दिसंबर को ध्यान सिखाया जाएगा,यह पूरी तरह से निशुल्क है, वही आर्ट ऑफ लिविंग रोटरी क्लब और चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के द्वारा संयुक्त तत्वावधान में , श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागारप टाउन हॉल में विश्व विज्ञान दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया हैवही रात 8ञ्00 बजे गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी द्वारा यूट्यूब के माध्यम से लाइव ध्यान और ज्ञान चर्चा करवाया जाएग,जिसमें पूरी दुनिया से लोगों विश्व शांति के लिए ध्यान करेंगे, विश्व ध्यान दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने-आर्ट ऑफ़ लिविंग के पदाधिकारी अपेक्स मेंबर विवेक सोनी, अपेक्स मेंबर दीपक अग्रवालजी..राज्य शिक्षक समन्वयक मोहम्मद अमीन लीला, संभाग शिक्षक समन्वयक कमल किशोर दुबे, जिला टीचर समन्वयक विकास चौहान,सीनियर प्रशिक्षक ठाकुर अजय सिंह, सीनियर प्रशिक्षक, हैप्पी मग्गू. गोविंद राव, लता राव, डॉक्टर शालिनी गुप्ता , शमीम शेख, जयेश sangani, विशाखाsangani,. डॉ ज्योति लागू, आर्ट ऑफ़ लिविंग के प्रशिक्षक स्वयंसेवक और भक्तगण पूरी तन्मयता से लोगों तक, ध्यान पहुंचने की सेवा में जुटे हुए हैं. राज्य शिक्षक समन्वयक मोहम्मद अमीन ने बताया पूरे छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से 50000 लोगों तक ध्यान पहुंचने का लक्ष्य है,निश्चित ही इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में, हर वर्ग तनाव से जूझ रहा है.. ऐसे में नियमित ध्यान करना एक बेहतर विकल्प है, इसे मन वर्तमान में आता है, ऊर्जा बढ़ती है, मन शांत रहता है और बिना शर्त खुशी का अनुभव व्यक्ति कर सकता है. ध्यान के कई तरह के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभ है।

### आवासीय विद्यालय छिंदावाड़ा एवं गढ़िया में खेलकूद वाद-विवाद और क्वीज स्पर्धा आयोजित

**जगदलपुर 21 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग द्वारा राज्य सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एकलव्य आर्दश आवासीय विद्यालय छिंदावाड़ा एवं गढ़िया में खेलकूद, वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्वीज स्पर्धा सहित जनजातीय वीरों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऐसी गतिविधियां अकादमिक पाठ्यक्रम के साथ वर्तमान परिवेश में एक आदर्श व्यक्तित्व के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सामाजिक कौशल, बौद्धिक कौशल, नैतिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमताओं का विकास है। इसी तारतम्य में छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने हेतु छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए समस्त आश्रम-छात्रावास, प्रयास आवासीय विद्यालय और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में खेलकूद वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्वीज स्पर्धा और जनजातीय वीरों पर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं सहित उनके पालक भी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

# दो दिवसीय यूथ एवं इको क्लब प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**महासमुंद 21 दिसंबर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार जिले में प्लास्टिक के दुष्प्रभाव, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दो दिवसीय युथ एवं इको क्लब प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 19 और 20 दिसंबर को जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा महासमुंद में आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह और जिला पंचायत के एस. आलोक के निर्देशन में, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत और जिला मिशन समन्वयक कमलनारायण चंद्राकर के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

यूथ एवं इको क्लब प्रथम दिवस प्रशिक्षण मे प्लास्टिक के प्रकारों, इसके दुष्प्रभावों को समझाया गया। जिला स्तर के मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण का पहला दिन जमीन प्लास्टिक साक्षरता पर आधारित बातें बताई गई। जिसमें उन्हें प्लास्टिक के बढ़ते हुए खतरे का सामना भावी पीढ़ी के विद्यार्थियों को किस प्रकार करना है, प्लास्टिक के प्रकारों के साथ मुख्य 3 प्रकार से संबंधित एक्टीविटी, जमीन मेला, 12 सप्ताहों तक शालाओं आयोजित होने वाले अनिवार्य और संभावित गतिविधियाँ करवाई गई, प्लास्टिक के कम उपयोग को बढ़ावा देना आदि करवाया गया।इसी तारतम्य में दूसरे दिवस में स्कूलों में किचन गार्डन कैसे बनाना है उसका प्रत्यक्ष प्रदर्शन, मिट्टी को उपजाऊ बनाने हेतु जीवामृत, बीजामृत व निमार्ण कैसे बनाना है, सिखाया गया। स्कूल के कम जगह में किस पौधे को कितनी दूरी में लगाना है एवं यूथ व इको क्लब की राशि व्यय व प्रथम क्रिएटिविटी क्लब में पंजीयन कर 21वीं सदी के कौशल की जानकारी दी गई। कार्यशाला समापन अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया की प्लास्टिक, हमारी दिनचर्या का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। यह टिकाऊ और हल्का होने के कारण कई उत्पादों में इस्तेमाल होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्लास्टिक के कई प्रकार होते हैं और इनका पर्यावरण पर क्या प्रभाव प्लास्टिक को विभिन्न प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है, जो उनके रासायनिक संरचना और गुणों के आधार पर होते हैं। डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर ने कहा कि आप लोगों के द्वारा दो दिवस में प्रशिक्षण के दौरान जो बताया गया है ।

# विकसित भारत बनाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार की भूमिका महत्वपूर्ण: रमेन डेका

**रायपुर, 21 दिसंबर।** भारत सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में एक है और 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर है। ऐसे दौर में वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार की भूमिका को कम नहीं आंका जा सकता। जब हम तेजी से तकनीकि प्रगति और वैश्विक चुनौतियों के दौर में आगे बढ रहे हैं तो भौतिक विज्ञान पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। यह विचार राज्यपाल श्री रमेन डेका ने भौतिक विज्ञान के अंतर्राष्ट्रीय अकादमी के 31 वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किया।



पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल श्री रमेन डेका ने अपने उदबोधन में कहा कि दुनिया आज महत्वपूर्ण पर्यावरणीय, तकनीकि और सामाजिक चुनौतियों से जूझ रही है। इस सम्मेलन में भाग लेने वाले वैज्ञानिक समुदाय में महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। वे अत्याधुनिक शोध के माध्यम से इन वैश्विक मुद्दों को हल करने में हमारी मदद कर सकते हैं।

श्री डेका ने कहा कि सम्मेलन का विषय भौतिक विज्ञान में उभरते रूझान इस उभरते क्षेत्र में अपने ज्ञान पर चर्चा करने और उसे बढ़ाने के लिए शोधकर्ताओं को एक साथ लाकर वैज्ञानिक जांच और नवाचार के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, सांख्यिकी, कम्प्यूटर विज्ञान और जैव सूचना विज्ञान सहित विभिन्न विषयों के वैज्ञानिक इस सम्मेलन में एक साथ उपस्थित हैं।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भारत की शिक्षा पारिस्थितिक तंत्र को बदलने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण रखा है। यह अनुसंधान नवाचार और आलोचनात्मक सोच के महत्व पर जोर देता है। यह सम्मेलन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रेरक का काम करेगी। सम्मेलन युवा और नवोदित वैज्ञानिकों को यंग साइंटिस्ट अवार्ड के माध्यम से अपने संभावित शोध को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान कर रहा है। स्नातकोत्तर छात्रों को शामिल करना और उनकी पोस्टर प्रस्तुतियां इस दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ज्ञान, विचारों और अनुभवों को साझा करने के साथ-साथ महत्वपूर्ण शोध और अभिनव समाधानों के लिए यह सम्मेलन उत्प्रेरक सिद्ध होगा।

## एक नजर

### सीएमएचओ ने किया निजी चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण



**राजनांदगांव 21 दिसंबर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत पंजीकृत यूनाईटेड हॉस्पिटल, श्री कृष्णा हॉस्पिटल, जय तुलसी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, समदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में भर्ती सभी मरीजों का योजना अंतर्गत नियमानुसार आयुष्मान कार्ड से ईलाज कराने निर्देशित किया गया। साथ ही जिले में आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन हेतु 70 वर्ष या उससे अधिक वर्ष के शेष 39 हजार 969 हितग्राहियों एवं आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु शेष 57 हजार 598 पात्र हितग्राहियों का शत-प्रतिशत् आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने के लिए आवश्यक प्रयास करने कहा गया। जिसके तहत अस्पताल में ओपीडी एवं आईपीडी मरीजों के साथ आने वाले परिजनों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन पात्रतानुसार करने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत डॉ. बीएल तुलावी, जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत श्री ऐश्वर्य साव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### युवा महोत्सव मड़ई: गीत, नृत्य एवं नाटिकाओं ने बटोरीं दर्शकों की तालियां

**रायपुर 21 दिसंबर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित सांस्कृतिक युवा महोत्सव मड़ई 2024 के दूसरे दिन आज यहां कृषि महाविद्यालय रायपुर के विभिन्न सभागृहों एवं प्रेक्षागृहों में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा एकल अभिनय, तात्कालिक भाषण, ऑन दी स्पॉट पेंटिंग, एकांकी, समूह गायन, कोलाज मेकिंग, मिमिक्री, भाषण, समूह गायन (भारतीय), लोक एवं आदिवासी नृत्य आदि प्रतियोगिताओं में आकर्षक एवं भावप्रवण प्रस्तुतियां दी गई। इन विभिन्न प्रतियोगिताओं के तहत दी गई प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, कृषि विकास, प्रौद्योगिकी विकास, नारी सशक्तिकरण, दहेज उन्मूलन, भ्रष्टाचार उन्मूलन, असमानता एवं अस्पृश्यता निवारण जैसे संवेदनशील सामाजिक मुद्दों को उकेरा गया। युवा कलाकारों ने अपनी संप्रेषणीयता, भावाभिनय, संवाद कौशल, रेखांकन कौशल आदि के माध्यम से दर्शकों को दिल जीत लिया तथा खूब तालियां बटोरीं। मड़ई 2024 के अंतर्गत आयोजित समूह नृत्यों की रंगा-रंग प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। विभिन्न प्रतिभागियों ने आकर्षक रंगोली, मेहंदी, पोस्टर मेकिंग आदि के माध्यम से अपने भावों को रूपाकार दिया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी एवं अयोजन सचिव डॉ. बी.पी. कतलम विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रभारी तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायकगण उपस्थित थे।

### सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

**धमतरी 21 दिसंबर।** प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन के एक साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में धमतरी जिले के तीनो विधानसभा मुख्यालयों में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित करने हेतु 23 दिसम्बर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग धमतरी श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि धमतरी विधानसभा में विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे नगरपालिक निगम सामुदायिक भवन, कुरूद विधानसभा में नया कृषि उपज कुरूद तथा विधानसभा नगरी में स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय परिसर नगरी में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही कुरूद विधानसभा में सुशासन कार्यक्रम के साथ-साथ 40 जोड़ों का मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह योजना अंतर्गत विवाह भी सम्पन्न होगा।

# सुदीप मानिकपुरी बनाए गए कसडोल भाजपा मंडल अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल 21 दिसंबर।** ज्ञात हो कि इस समय पूरे देश में भारतीय जनता द्वारा संगठन महापर्व 2024 मनाया जा रहा है। इसके तहत बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर संगठन चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। सबसे पहले सभी बूथों पर अध्यक्षों का सर्व सम्मति से चुनाव संपन्न कराए। उसके बाद बूथ अध्यक्ष , शक्ति केंद्र प्रभारी एवं संयोजकों की सहमति से मंडल अध्यक्षों का चुनाव सम्मन्न कराए गए। जिसकी विधिवत घोषणा सभी मंडलों में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर किया जा रहा है। इसी कड़ी में चुनाव प्रभारी राजकुमार जायसवाल पिछडा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष ने प्रदेश द्वारा भेजे गये सील बन्द लिफाफा खोलकर ,पढ़कर सुनाया तथा कसडोल मंडल अध्यक्ष के लिए डाक्टर सुदीप मानिकपुरी एवं जिला प्रतिनिधि के लिए के दिलहरण जायसवाल के नाम की घोषणा की। दोनों के नामों की घोषणा सुनकर सभी भाजपा कार्यकर्ता गण खुश हुए और ताली बजाकर व नारे लगाकर स्वागत किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार जायसवाल ,नवीन मिश्रा जिला पंचायत सभापति,निवर्तमान मंडल अध्यक्ष मेलाराम साहू, महामंत्री रामचंद्र ध्रुव,चन्द्रिका पटेल,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर साहू ,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनुराधा कर्ष , उपाध्यक्ष श्रीमती निर्मला साहू ,श्रीमती सरिता जायसवाल ( प्रदेश कार्य समिति सदस्य ) शिव साहू ( साहू समाज अध्यक्ष ) भुवनेश्वर प्रसाद साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। इसी तरह कसडोल मंडल से अलग नवगठित कटगी मंडल अध्यक्ष अंजीव जायसवाल एवं जिला प्रतिनिधि संतोष कश्यप बनाए गए हैं । चारों लोगों को सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएँ दी हैं।



## समाचार संक्षेप

### मुकेश साहू बने साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के संगठन सचिव



**भाटापारा 21 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल साहू, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष संदीप साहू के निर्देशन में प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पवन साहू ने अपने युवा प्रकोष्ठ मुकेश (चौहान) साहू को युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संगठन सचिव के रूप में नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद समाज में हर्ष का माहौल है।भाटापारा विधायक इंद्र साव, जित्तू शर्मा , जीत नारायण साव, शशांक चौबे, मनमोहन कुर्रे,राजा तिवारी, हरीश लहरे , एवं संघ के सभी पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने मुकेश (चौहान )साहू को शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की आशा व्यक्त की।

### मुरारी मिश्रा की पदयात्रा में शामिल हुए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन



**भाटापारा 21 दिसंबर।** रायपुर ज़िला पंचायत के पूर्व सभापति एवम किसान जवान कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मुरारी मिश्रा के द्वारा लगातार 15 वे वर्ष की पदयात्रा ग्राम गोढ़ी एस सिंगारपुर माउली से 20 दिसम्बर से शुरू हो गई है,,,* जो गोढ़ी (एस) से गुजरते हुए लमती पहुंची है तत पश्चात ग्रामीणों के साथ शराब एवं नशा के खिलाफ चर्चा परिचर्चा और मुलाकात और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए, शराब और नशा से हो रहे दुशप्रभाव ,शराब के कारण गांव गांव में दुर्दशा का आलम और शराब व नशा से महिलाएं एवं लड़कियों का गांव में जीवन दुर्भर है बताते हुए , ग्रामीणों का कहना है कि गोढ़ी (एस)में खुले आम 8 व 9 कोचियों के द्वारा अवैध शराब के बिक्री कर रहे है, पद यात्रा मे लोमेश निषाद (लमती)सुख देव ध्रुव( लमती)फेरु निषाद ( लमती ) रामकिशन ध्रुव पति राम ध्रुव सरस्वती चक्रधारी रामकुंवर चकधारी बुधरा ध्रुव कांति चक्रधारी ललित कुमार निषाद ईश्वरी निषाद मीना निषाद बृहस्पति निषाद बूगाला निषाद कुमारी निषाद आदि शामिल हुए।

### जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 3 लाख 28 हजार 795 मीट्रिक टन धान खरीदी

**धमतरी 21 दिसंबर।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले में समर्थन मूल्य पर 74 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति / आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के कुल 100 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से अब तक पंजीकृत एक लाख 28 हजार 370 किसानों में से 74 हजार 881 किसानों का कुल 3 लाख 28 हजार 795 मे.टन धान की खरीदी की गई है। खरीदी की गई धान का मूल्य 757.41 करोड़ रूपये है, जिसका सबंधित कृषकों को लगातार प्रतिदिन भुगतान किया जा रहा है। खाद्य अधिकारी श्री कोर्राम ने बताया कि जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सुव्यस्थित रूप से की जा रही है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोचियों/बिचौलियों के द्वारा धान के अवैध भण्डारण / परिवहन कर खरीदी केन्द्रों में लाकर विक्रय करने की आशंका बनी रहती है।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा बैठक

**धमतरी 21 दिसंबर।** जिला पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना (बिहान) की समीक्षा बैठक जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि लखपति दीदी योजना के तहत राज्य द्वारा प्राप्त लक्ष्य अनुरूप प्रथम एवं द्वितीय तिमाही की ऑनलाईन मैपिंग एवं डीएआर एंट्री को एक सप्ताह के भीतर प्रगति लाना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी लखपति दीदी को लाभान्वित करने लाईन डिपार्टमेंट के साथ बी.एल.बी.सी. का बैठक आयोजन कर विभागीय योजनाओं एवं बैंक लिंकेज से जोड़कर लाभान्वित करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। एसवीईपी में कार्यरत् सीआरपी ईपी कैडर को अपने कार्यों में हितग्राहियों का इंटरप्राइजेस लोन बैंक लिंकेज (मुद्रा लोन/स्वयं सिध्दा) के माध्यम से कराई जावें। तथा वर्तमान लक्ष्य अनुरूप प्रगति न होने के कारण सीआरपी ईपी का प्रगति के अधार पर भुगतान के निर्देश दिए गए। वहीं प्रत्येक माह की प्रगति रिपोर्ट देने बीपीएम को निर्देशित किया गया। आईएफसी योजना के तहत मशरूम उत्पादन, सब्जी उत्पादन, मछली पालन, बकरी पालन एवं मुर्गीपालन करने हेतु इच्छुक दीदी का चिन्हाकंन कर प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहयोग प्रदाय करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। उत्पादक समूह के प्रगति अंतर्गत प्रत्येक पीजी समूह का गतिविधि कार्य व्यवसाय की जानकारी एवं व्यवसाय से अब तक प्राप्त लाभ की जानकारी पीजी समूहवार भेजने तथा पीजी को दुग्ध समिति की तरह कार्य करने के भी निर्देश दिए। बड़ौदा आर सेटी में लक्ष्य अनुसार हितग्राहियों का सेटलमेंट शत् प्रतिशत करने के भी निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। वीपीआरपी की एंट्री कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने तथा आ रही समस्या का समाधान करने निर्देशित किया तथा राज्य कार्यालय जा कर आ रही तकनीकी समस्याओं के समाधान करने के भी सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अतंर्गत वृक्षारोपण एवं पोषण बाड़ी कार्य करने हेतु सभी संकुल स्तरीय संगठन को भी जोड़े जावें। पीएमएफएमई अतंर्गत संकुल को जारी राशि की उपयोगिता के संबंध में एक सप्ताह के भीतर जिले को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। विकासखण्ड नगरी में ज्यादा आवास लक्ष्य वाले ग्रामों में सेंट्रिंग प्लेट की व्यवस्था स्व-सहायता समूह के माध्यम से करने तथा इस कार्य हेतु आवास शाखा से समन्वय करने सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया।



### राज्य स्तरीय विकलांग युवक युवती परिचय सम्मेलन 22 को

**रायपुर, 21 दिसंबर।** अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत रायपुर, सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच कान्यकुब्ज सभा व शिक्षा मंडल एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 15 वीं राज्य स्तरीय विकलांग युवक युवती परिचय सम्मेलन का निशुल्क आयोजन 22 दिसंबर को आशीर्वाद भवन बैरन बाजार रायपुर में किया जा रहा है विकलांग परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह समारोह के ायोजन समिति के संयोजक वीरेंद्र पांडे, राजेश अग्रवाल चेतना परिषद के प्रांत अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल व महामंत्री संतोष तिवारी एवं कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि पंचम सामूहिक विवाह समारोह में 92 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ था जिसे लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया गया है।

# महतारी वंदन योजना से पार्वती सोनी बनी आत्मनिर्भर



**रायपुर, 21 दिसंबर।** महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की महिलाओं की जिदंगी संवार रही है। महिलाएं, हर महीने मिलने वाले एक हजार रूपए से अपने घर की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। कुछ महिलाएं इस राशि का उपयोग अपने जीवकोपार्जन की नई राह बनाने की ओर अग्रसर है। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के मनेन्द्रगढ़ विकासखंड की निवासी पार्वती सोनी ने महतारी वंदन योजना से मिली आर्थिक मासिक मदद से एक सिलाई मशीन खरीद ली। जिससे वो अब आर्थिक रूप से मजबूत हो रही है।

श्रीमती पार्वती सोनी कहती है कि महिला सशक्तिकरण को उत्प्रेरित करने वाली महतारी वंदन योजना के तहत हर माह एक हजार रुपए की राशि उनके खाते में पहुंच रही है। मोदी जी की गारंटी और विष्णु देव साय के सुशासन से ही आज मेरे बैंक खाते में प्रतिमाह एक हजार रुपए आ रहे है। मुझ जैसी महिलाओं के लिए यह वरदान है। परिवार मे उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु, समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना लागू किए जाने का निर्णय लिया गया।

गौरतलब है कि उक्त योजना का शुभारंभ 10 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। राज्य की लगभग 70 लाख हितग्राही महिलाओं को हर माह एक हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। मार्च से लेकर दिसम्बर तक हितग्राही महिलाओं को 10 मासिक किश्तों में 6530 करोड़ 41 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।


**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर, जिला-राजनादंगाँव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202412094500037
ब/121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रृष्टि सेठिया पिता दिलीप सेठिया, जाति सेठिया, निवासी ग्राम भगत सिंह चौक, डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदिका के शामिलात खाता में कृषक ग्राम बरमपुर, तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 98/1 का रकबा 0.841 हे. भूमि स्थित है, जिसका ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2 गुम हो गया है, जिसे आवेदक द्वारा बहुत खोज-बीन किया गया, लेकिन कही प्राप्त नही हुआ। अतः आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 03.01.2025 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 17.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, लाल बहादुर नगर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202412093400013**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2024-2025
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- नीला बाई,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका नीला बाई लांजेवार पति दिगम्बर लाल लांजेकर निवासी ग्राम ठेठवार पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदिका की पुत्री महिमा लांजेवार पिता दिगम्बर लाल लांजेकर का जन्म दिनांक 21.03.1990 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है। अतः आवेदिका द्वारा अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण-पत्र प्रदाय किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30.12.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, डोंगरगढ़

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202412093400011**

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2024-2025
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- नीला बाई,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका नीला बाई लांजेवार पति दिगम्बर लाल लांजेकर निवासी ग्राम ठेठवार पारा डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदिका की पुत्री रेखा लांजेवार पिता दिगम्बर लाल लांजेकर का जन्म दिनांक 14.02.1985 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है। अतः आवेदिका द्वारा अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण-पत्र प्रदाय किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30.12.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202412090100009/A-19(3)**

विषय - अ-19( 3 ) मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2024-2025
राजकट्टा ( प ह न. 00029 ),
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- श्री गोपाल खेमुका,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक इंडियन स्काउट गाइड फैलोशिप की ओर से श्री गोपाल खेमुका, स्टेट कमिश्नर, भारत स्काउट गाइड छ.ग. द्वारा दिनांक 05.12.2024 को आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम राजकट्टा ग्राम पंचायत गाजमर्रा, तहसील डोंगरगढ़ स्थित खसरा नं. 33 में से 8.30 एकड़ भूमि प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण हेतु निःशुल्क आबंटित करने का निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ इंडियन स्काउट गाइड फैलोशिप, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 30.11.2024 को जारी पत्र की प्रति के साथ आवेदित भूमि का नक्शा तथा पंचायत प्रस्ताव की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.01.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, डोंगरगढ़

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)**

(जल जीवन मिंशन)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)**

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अन्तर्गत कार्य पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां. विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। **ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें।** आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है -

| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 63/17.12.2024 | 163089 | Bhairamgarh | PETHA | 1st call | 31.79 | 23843/- |
| 2 | 64/17.12.2024 | 163090 | Bhairamgarh | DALER | 1st call | 42.15 | 31613/- |
| 3 | 65/17.12.2024 | 163092 | Bhairamgarh | DHUSAWAD | 1st call | 28.15 | 21113/- |
| 4 | 66/17.12.2024 | 163095 | Bhairamgarh | BANGOLI | 1st call | 19.12 | 14340/- |
| 5 | 67/17.12.2024 | 163096 | Bijapur | CHOKHANPAL | 1st call | 24.07 | 18053/- |
| 6 | 68/17.12.2024 | 163097 | Usur | GUNDAM | 1st call | 19.72 | 14790/- |
| 7 | 69/17.12.2024 | 163098 | Usur | TUMREL A | 1st call | 40.87 | 30653/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) **20.01.2025** तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि (Bid start date) **20.12.2024** से है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यापालन अभियंता**
**जी- 242504724/5 — लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर जिला बस्तर**

**मैनुअल निविदा सूचना**

दूरभाष नम्बर-07782-222865 — ई-मेलआईडी-eeresjagdalpur@gmail.com

**क्रमांक/2632/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2024-25 — जगदलपुर, दिनांक 19/12/2024**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जिला बस्तर के विकास खण्डों के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत होने वाले निर्माण कार्यों के संपादन हेतु **प्रथम बार** जोनल निविदा 7.01.2025 तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | विकासखण्ड/कार्य स्थल | कार्य का विवरण प्रत्येक जोन के तहत | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | विकास खण्ड जगदलपुर एवं दरभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत होने वाले निर्माण कार्य | रू. 25.00 लाख एवं इससे कम लागत के भवन /मंच/ पुलिया/ बाउंड्रीवाल/ नाली/सड़क एवं अन्य समस्त प्रकार के निर्माण कार्य | 50.00 लाख प्रत्येक हेतु | 7/01/25 (अपरान्ह 5:30 बजे तक) |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों के निविदा की सम्बधी शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेब साइट **http://res.cg.gov.in** से भी दिनांक 28.12.2024. के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है।

(जे.के.गौर)
कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग जगदलपुर

जी- 242504707/4

## एक नजर

### नपा अकलतरा में अयफाज मेमन को कांग्रेस बना सकती है प्रत्याशी



**रायपुर 21 दिसंबर।** प्रदेश के समस्त नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतों के लिए वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जिसके बाद से प्रदेश के सभी राजनितिक पार्टियों की चुनावी गहमागहमी शुरू हो चुकी है। नगर पालिका अकलतरा में वार्ड नंबर 06 के लिए कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी के रूप में अल्पसंख्यक विभाग के सोशल मीडिया चेयरमैन और युवा कांग्रेस के प्रदेश संयोजक अयफाज मेमन का नाम सामने आ रहा है। अयफाज मेमन युवा चेहरा के रूप में कांग्रेस पार्टी की पहली पसंद हो सकते है, वे काफी लंबे समय से कांग्रेस पार्टी की राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय है और क्षेत्रीय जनता के बीच भी लोकप्रिय है।

### स्कूलों में 23 से शीतकालीन अवकाश

**रायपुर, 21 दिसंबर।** प्रदेश में शीतलहर का दौर शुरू गया है। दिसंबर से जनवरी तक पड़ने वाली ठंड का असर स्कूली बच्चों में देखने को मिल रही है। स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की परेशानी को देखते हुए ज्यादातर स्कूलों में सर्दियों की छुट्टियां शुरू हो गई है। देश के कई राज्यों में शीतकालीन छुट्टियों का ऐलान कर दिया गया है। वहीं छत्तीसगढ़ में 23 से 28 दिसंबर तक 6 दिन की छुट्टी घोषित की गई है। 29 तारीख को रविवार है जिस कारण स्कूल बंद रहेंगे। इसके बाद स्कूल 30 दिसंबर से खुल जाएंगे। साथ ही पहाड़ी राज्य में तो सर्दी का सितम शुरू हो चुका है। कश्मीर सफेद चादर से ढक चुका है। ऐसे में वहां अच्छी खासी ठंड ने दस्तक दे दी है।

### हार्डवेयर दुकान के गल्ले से डेढ़ लाख पार

**रायपुर, 21 दिसंबर।** दंतेश्वरी हार्डवेयर दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने गल्ला में रखे डेढ़ लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अविनाश अग्रवाल 46 वर्ष मोनेट रोड मंदिरहसौद का रहने वाला है। प्रार्थी का दंतेश्वरी हार्डवेयर नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गल्ले में रखे नकदी डेढ़ लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी सहित लाखों के जेवर पार

**रायपुर, 21 दिसंबर।** न्यू शिक्षक कालोनी नेवरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 35 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जितेन्द्र कुमार बघेल 27 वर्ष न्यू शिक्षक कालोनी नेवरा का रहने वाला है।

## निधन

### राजेश प्रसाद तिवारी

**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव राजेश प्रसाद तिवारी का आज को निधन हो गया। उनके निधन से परिवार, सहयोगियों और परिचितों में गहरा शोक व्याप्त है। राजेश प्रसाद तिवारी का स्वर्गवास परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका निवास स्थान 39, मारुति लाइफस्टाइल, रायपुर (छत्तीसगढ़) में शोक संवेदनाएँ व्यक्त करने के लिए लोग जुट रहे हैं। पुत्र राजहर्ष तिवारी के साथ इस दुःखद घड़ी में परिजन मौजूद हैं।

# राजधानी में सुबह-सुबह बदमाशों पर पुलिस का कहर

## सरप्राइज चेकिंग में बाहरी इलाकों से 15 संदिग्ध हिरासत में

**रायपुर 21 दिसंबर।** राजधानी पुलिस ने आज सुबह-सुबह बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिए सरप्राइज चेकिंग किया. सुबह 5 बजे जिले के 3 एडिशनल एसपी, 3 सीएसपी, 4 थाना प्रभारी और 150 पुलिस बल ने एक साथ मुजगहन थाना क्षेत्र के बीएसयूपी कॉलोनी में दबिश दी, जिससे अपराधी काप उठे. पुलिस ने वहां चाकूबाजी, नशीली दवाई की बिक्री करने वाले कई संदिग्धों और फरार आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी. इस दौरान पुलिस ने 15 से संदिग्धों को हिरासत में लिया है. दरअसल, पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि कॉलोनी बहुत से लोग सूने मकानों के ताले तोड़कर वहां कब्जा कर रह रहे हैं, जो छत्तीसगढ़ के बाहर से हैं और बिना किसी पहचान पत्र के निवास कर रहे हैं. इनमें से कुछ लोग नशीले पदार्थों की बिक्री करते हैं और कुछ चाकूबाजी की घटनाओं में भी संलिप्त हैं. पुलिस ने जानकारी मिलने के बाद आज सुबह कॉलोनी में रह रहे संदिग्धों पर शिकंजा कसा है। दरअसल रायपुर पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी कि बोरियाकला बीएसयूपी कॉलोनी में कुछ लोग अवैध नशे का कारोबार कर रहे है तो कुछ सूने मकानों में ताला तोड़कर कब्जा कर रहे है वहीं कुछ संदिग्ध लोग भी इसी कॉलोनी में छिपे हुए है जिसके बाद रायपुर पुलिस ने सरप्राइज चेकिंग अभियान चलाया है।



### युवक को चाकू मारकर इंस्टाग्राम पर लाइव आया

एक बार फिर राजधानी में जेल से छूटकर आए आरोपी ने चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया है. युवक को चाकू मारने के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर लाइव आकर फिर से चाकू मारने की धमकी दी. जानकारी के मुताबिक, मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है. यहां एक 18 वर्षीय युवक आरव धोटे पर मोहल्ले के ही प्रीतम यादव ने हमला कर दिया. घटना 19 दिसंबर की शाम 7:30 बजे की है. आरव बाजार गया हुआ था, इस दौरान अमृत चौक के पास प्रीतम ने नुकीली चीज से दाहिने पैर पर वार कर दिया. जिससे आरव बुरी तरह से घायल हो गया. थाने में एफआईआर दर्ज करवाने पर आरोपी ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर दोबारा चाकू मारने की धमकी दी. इस वीडियो में आरोपी प्रीतिम अपने साथियों के साथ हाथ में धारदार हथियार लेकर दोबारा चाकू मरने की धमकी दे रहा है। घटना की जानकारी के बाद टिकरापारा पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# तोता तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ मुख्य आरोपी हिरासत में

**रायपुर 21 दिसंबर।** दुर्ग-विशाखापटनम लिंक एक्सप्रेस ट्रेन में 19 दिसंबर की रात को छत्तीसगढ़ वन विभाग के राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल ने सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को बड़ी संख्या में वन्यजीव तोता की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। सूचना के आधार पर राज्य स्तरीय उड़नदस्ता, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, छत्तीसगढ़ रेलवे पुलिस बल और रायपुर वन परिक्षेत्र अधिकारियों की संयुक्त टीम ने दुर्ग-विशाखापटनम लिंक एक्सप्रेस ट्रेन के सभी बोगियों की जांच की।

इस दौरान शमसुद्दीन अली, निवासी मुर्रा भट्ठी, गुढ़ियारी रायपुर के पास पिंजरों और केरेट में 105 नग हिरामन तोता पाए गए। टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी को वन्यप्राणी अपराध में शामिल होने के कारण वन परिक्षेत्र अधिकारी रायपुर द्वारा अपराध दर्ज किया गया। आरोपी को हिरासत में लेकर जब्तीनामे की कार्रवाई की गई।उल्लेखनीय है कि वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने वन्यजीव अपराध में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। तोता तस्करी के मामले में यह कार्रवाई वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत की गई है। गौरतलब है कि तोता प्रजाति को वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची में शामिल किया गया है, जिसके कारण अब तोता पालना और उसकी खरीदी-बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है।



### संस्थापक दिवस समारोह अभिव्यक्ति का आयोजन

**रायपुर 21 दिसंबर।** एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल, 23 दिसंबर, को अपने संस्थापक दिवस समारोह अभिव्यक्ति 2024 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह भव्य आयोजन स्कूल के संस्थापकों को श्रद्धांजलि है और शिक्षा, नवाचार और सामुदायिक सेवा में उत्कृष्टता के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता का उत्सव है। एन एच गोयल वर्ल्ड स्कूल, बच्चों का सर्वांगीण विकास करने और उन्हें आत्मविश्वासी वैश्विक नागरिक बनाने में पूर्णतः सक्षम है। स्कूल को पूर्व में अमित शाह, गौर गोपाल दास, कपिल देव, बोमन ईरानी, श्री सोनम वांगचुक और कई अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का सौभाग्य मिला। इस वर्ष हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि अनुपम खेर ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि बनने के लिए अपनी सहमति दे दी है। श्री अनुपम खेर, एक भारतीय अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं, जिन्होंने मुख्य रूप से हिंदी सिनेमा में काम किया है। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रदर्शन, शैक्षणिक उपलब्धियाँ और अभिनव प्रदर्शन शामिल हैं। स्कूल के छात्र, शिक्षक और कर्मचारी इस कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। एन. एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन श्री एस. के. तोमर ने कहा कि, हम अपने संस्थापक दिवस को श्री अनुपम खेर के साथ मुख्य अतिथि के रूप में मनाते हुए अत्यंत रोमांचित हैं।

# विप्र कॉलेज में प्रकृति एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम

**रायपुर 21 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र महाविद्यालय में आयुर्वेदिक महाविद्यालय द्वारा विशेष प्रकृति परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ मेघेश तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके शरीर की प्रकृति और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर के डॉ आशीष शर्मा, डॉ हरीश साहू, डॉ योगराज प्रजापति, डॉ निकिता मिंज, डॉ नम्रता भगत, डॉ योगिता शर्मा, डॉ धर्मेंद्र बिंझवार, डॉ दीपिका दास, डॉ आनंदिता पांडे, डॉ चंपा साहू की उपस्थिति में लगभग 600 विद्यार्थियों का परीक्षण किया गया। उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शरीर में वात, कफ और पित्त जैसे दोष किस प्रकार संतुलन बिगाड़ सकते हैं और इनके असंतुलन से विभिन्न बीमारियाँ हो सकती हैं। डॉ आशीष शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संविधान दिवस पर लॉन्च किए गए प्रकृति परीक्षण ऐप के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत जानकारी भरकर अपने शरीर की प्रकृति को जान सकता है। साथ ही, यह ऐप मौसमी बीमारियों से बचाव, उचित आहार, जीवनशैली और स्वास्थ्य संबंधी सुझाव समय-समय पर संदेश के माध्यम से प्रदान करता है। विद्यार्थियों को आयुर्वेद और प्रकृति परीक्षण से संबंधित उपयोगी जानकारी भी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि विभिन्न ऋतुओं में भोजन और दिनचर्या कैसी होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सुझावों को समझा और प्रकृति परीक्षण ऐप को उपयोग करने का संकल्प लिया।

# दिल्ली से लेकर छत्तीसगढ़ तक कांग्रेस केवल धक्कामुक्की कर रही: किरण देव



**रायपुर 21 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने कहा है कि प्रदेश के विधानसभा परिसर में शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस विधायकों द्वारा पत्रकार के साथ की गई धक्का-मुक्की और बदसलूकी लोकतंत्र के मंदिर में कांग्रेस की गुण्डागर्दी का शर्मनाक प्रदर्शन है। श्री देव ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देकर देशभर में ढोल पीटते कांग्रेसी संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी का सरेआम मखौल उड़ाकर लोकतंत्र का गला घोंट रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि शुक्रवार को विधानसभा में पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार करके न केवल अपने कलंकित राजनीतिक चरित्र का परिचय दिया है। अपितु उसने यह धारणा भी पुष्ट कर दी है कि कांग्रेस अब पूरी तरह हिंसक चेहरा अपना दिखा रही है। एक तरफ गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के रहते बुजुर्ग सांसदों के साथ धक्का-मुक्की करके उनका सिर फोड़ रहे हैं, दूसरी तरफ कांग्रेस की सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े ने कांग्रेस के नेताओं को खुला आह्वान किया है कि जैसे बलौदाबाजार में किया था, ठीक वैसे ही कलेक्ट्रेट के अंदर घुसकर तोड़फोड़ करें। और उसके तुरंत बाद, अब छत्तीसगढ़ विधानसभा में पत्रकार द्वारा सवाल पूछे जाने पर पहले पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने उन्हें उंगलियाँ दिखाईं और फिर कांग्रेस विधायकों ने घेरकर उसके साथ धक्का-मुक्की की, पत्रकार को धमकाते हुए औकात में रहने की बात कही, उससे अभद्रता की, उसका माइक छीन लिया, कैमरा छीन लिया।

छत्तीसगढ़ में, और विशेषकर विधानसभा परिसर में ऐसा दृश्य कभी नहीं देखा गया कि जब पत्रकार को घेरकर उसे घुटनों के बल पर बिठाने का प्रयास किया गया हो, किसी पत्रकार का माइक खींचा गया हो, कैमरा छीन लिया गया हो और उस पत्रकार को कहा गया हो कि तू अपनी औकात में रह। श्री देव ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के साथ इस प्रकार का बर्ताव निंदनीय है। कांग्रेस ने जो कृत्य शुक्रवार को प्रदेश की विधानसभा में किया है, वह माफी लायक कतई नहीं है।

### माइनिंग और कंस्ट्रक्शन अब आसान

**रायपुर 21 दिसंबर।** एयर कंप्रेसर मैन्युफैक्चरिंग में ग्लोबल लीडर, एल्जी इक्विपमेंट्स लिमिटेड (बीएसईः 522074 7 एनएसईः एल्जीइक्विप) ने बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 के 7वें संस्करण में अपना नया इनोवेशन, पीजी 850एस-290 पोर्टेबल एयर कंप्रेसर लॉन्च किया। यह इवेंट इंडिया एक्सपो सेंटर, दिल्ली एनसीआर में हो रहा है। एल्जी के आउटडोर बूथ, ओजी 30 में इलेक्ट्रिक-पॉवर्ड पीजी 110 ई, पीजी 132 ई, पीजी 22 ई और डीजल-पॉवर्ड पीजी550-215 पोर्टेबल एयर कंप्रेसर्स भी प्रदर्शित हैं, जो भारत में माइनिंग और कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में व्यापक रूप से अपनाए जाते हैं। इस ट्रेड शो में 1000 से अधिक एक्सहिबिटर्स, 75,000 विजिटर्स तथा कंस्ट्रक्शन, माइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के प्रमुख डिसीजन-मेकर्स के शामिल होने की उम्मीद है।

# ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर सेमिनार

**रायपुर 21 दिसंबर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन , यांत्रिक, सिग्नल एवं दूरसंचार, इंजीनियरिंग तथा राजभाषा विभाग के कर्मचारियों के साथ तिल्दा स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। स्पैड से बचाव के लिए बरती जानेवाली सावधानियां एवं ट्रैक में असामान्य स्थिति का ऋु एवं ट्रेन मैनेजर द्वारा रिपोर्ट (सामान्य नियम 6.07), गुड्स शेड एवं साइडिंग में लोड क्लियर के दौरान हॉट एक्सेल, ब्रेक बाइंडिंग, डोर हीटिंग एवं तारपोलिन को लटकने से बचाव के लिए ऋु, ट्रेन मैनेजर एवं स्टेशन कर्मचारी के द्वारा की जानेवाली जांच तथा शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा बरती जानेवाली शीतकालीन सावधानियां, पेट्रोलिंग एवं निजी सुरक्षा , पॉइंटस एवं सिग्नल फेलुअर के दौरान सिग्नल एवं परिचालन कर्मचारी का कर्तव्य, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दैनिक कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन ।

इस संरक्षा सेमिनार में श्री प्रवीण कुमार, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर के साथ-साथ श्री त्रिनाथ मोहंती , संरक्षा सलाहकार/विद्युत, श्री भूपेश साहू, संरक्षा सलाहकार/यांत्रिक एवं डॉ. कमल, अनुवादक/राजभाषा ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 62 लोगों ने भाग लिया।

### ट्रक चालक लाखों रुपए का सरिया लेकर फरार

**रायपुर, 21 दिसंबर।** ट्रक चालक 5 टन एमटी सरिया लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेन्द्र राय 53 वर्ष बीरगांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि उसके ट्रक क्रमांक सीजी 17 केजे 6107 को ड्राइवर सरीफ खान 54 वर्ष चलाता है।

# राष्ट्रीय विद्यालय एवं बाल आश्रम में वार्षिक उत्सव का आयोजन



**रायपुर 21 दिसंबर।** कचहरी चौक स्थित बाल आश्रम एवं राष्ट्रीय विद्यालय समिति रायपुर के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज वार्षिक उत्सव में सॉस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी, सचिव राजकिशोर नत्थानी, एवं मदन लाल तालेड़ा, गोकुलदास डागा, गोवर्धनदास डागा, रुपचंद श्रीश्रीमाल, डागा महाविद्यालय की प्राचार्या डा. श्रीमती संगीता घई , डॉ श्रीमती गायत्री शर्मा, एवं महाविद्यालय के अन्य सटाफ के साथ राष्ट्रीय विद्यालय के प्राचार्य पी.डी. दीवान तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बाल आश्रम के अधीक्षक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के मूर्ति के समक्ष दीपप्रज्वलन के साथ हुई. इस अवसर पर बाल आश्रम एवं विद्यालय के बालको के द्वारा गणेश वंदना पर नृत्य की प्रस्तुति दी. जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया. कार्यक्रम के अगली प्रस्तुति में नन्हीं बालिका कोमल साहू ने छत्तीसगढ़ी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियॉ बटोरी.कार्यक्रम के अगले क्रम में कुमारी प्रियांशी मंडावी के द्वारा प्रस्तुत घूमर-घूमर के बाजे रे नृत्य ने सभी को उत्साहित कर दिया.इसी कड़ी में बाल आश्रम एवं राष्ट्रीय विद्यालय के बालको द्वारा देश के शान में ओ देश मेरे तेरे शान के आगे कुछ नहीं गीत पर देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत कर वीर शहद सैनिकों को श्रध्दाजंली अर्पित किया. कार्यक्रम में इसी कड़ी में पंथी नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26